दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 314 | सीकर, शनिवार 10 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से... 1 फरवरी को बजट

नई दिल्ली।

संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा। केंद्रीय बजट 1 फरवरी (रविवार) को पेश किया जाएगा। सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 13 फरवरी को खत्म होगा। इसके बाद सत्र की कार्रवाई 9 मार्च से दोबारा शुरू होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 28 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का पारंपरिक संबोधन साल के पहले संसद सत्र के पहले दिन होता है। 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट समारोह के चलते संसद स्थगित रहेगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### 30 जनवरी को इकॉनॉमिक सर्वे

संसद में 30 जनवरी को बैठक करेगी। उस दिन इकॉनॉमिक सर्वे पेश किया जाएगा। 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित रहेगी। राष्ट्रपति के संबोधन और केंद्रीय बजट पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के बाद, संसद 13 फरवरी से लगभग एक महीने की अवकाश अवधि के लिए स्थगित होगी। संसद 9 मार्च को पुन: बैठक करेगी और सत्र 2 अप्रैल, गुरुवार को समाप्त होगा। आधिकारियों ने बताया कि आमतौर पर संसद शुक्रवार को स्थगित की जाती है, लेकिन 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे और उसके बाद वाले वीकेंड को ध्यान में रखते हुए, सत्र 2 अप्रैल को समाप्त हो सकता है।

## मोदी ने कॉल नहीं किया, इसलिए रुकी ट्रेड-डील

### अमेरिकी मिनिस्टर बोले- ट्रम्प खुद डील चाहते थे; भारत का जवाब- 2025 में 8 बार बात हुई

वॉशिंगटन।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया है कि भारत के साथ डील किसी पॉलिसी विवाद की वजह से नहीं रुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे फोन न करना इसकी वजह है। एक पॉडकास्ट में लुटनिक ने ये बात कही है।

इस मामले से जुड़े एक्सपर्ट लुटनिक के इस बयान को ट्रम्प के ईगो से जोड़कर देख रहे हैं। वो मान रहे हैं कि ट्रम्प निजी तौर पर कॉल की उम्मीद कर रहे थे।

वहीं भारत के विदेश मंत्रालय ने लुटनिक के बयान को गलत बताया। एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी और प्रेसिडेंट ट्रम्प 2025 में 8 बार फोन पर बात कर चुके हैं। जायसवाल ने कहा, भारत और अमेरिका 13 फरवरी 2025 से बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर काम कर रहे। कई राउंड नेगोशिएशन हो चुके हैं और कई बार हम डील के करीब पहुंचे हैं।

## सीजेआई बोले- जज ने एडवोकेट से कहा इसे क्यों खराब कर रहे हो, फिर मैं चंडीगढ़ गया

हिसार/हांसी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद पहली बार जस्टिस सूर्यकांत आज (9 जनवरी) हरियाणा दौरे पर हैं। शाम को वह हिसार में बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा- 21 अप्रैल 1984 को मैं हिसार कोर्ट में आया। 29 जुलाई को एडवोकेट आत्मा राम बंसल के पास प्रैक्टिस शुरू की। डिस्ट्रिक्ट जज ने सीनियर बार मेंबर (एडवोकेट) से कहा कि आप इसे यहां क्यों खराब कर रहे हो, इसके बाद मैं चंडीगढ़ गया। इसके बाद सीजेआई बार में अपने पुराने चैंबर में पहुंचे। यहां सीट पर बैठकर उन्होंने कहा कि मैं यहां प्रैक्टिस किया करता था। रात को सीजेआई हिसार में ही राज्य सरकार द्वारा आयोजित स्टेट डिनर में शामिल हुए। सीजेआई दो दिन हिसार और हांसी जिलों में रहेंगे। उनका हेलिकॉप्टर शुक्रवार दोपहर 3 बजे हांसी के श्रीकृष्ण प्रणामी स्कूल परिसर में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा।

## चिकित्सा और स्वास्थ्य पर बजट पूर्व चर्चा



# विगत दो वर्षों में बुनियादी ढांचे में हुआ बड़ा सुधार गांव-ढाणी तक मिल रहा गुणवत्तापूर्ण इलाज - मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा और संवेदना से जुड़ा क्षेत्र है। विगत दो वर्षों में राज्य सरकार ने अपने बजट में स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आगे भी स्वास्थ्य के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाया है। इससे गांव-ढाणी तक प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क उपचार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बजट पूर्व संवाद का उद्देश्य यही है कि इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के सुझावों से एक ऐसा बजट बने, जिससे प्रदेश की 8 करोड़ से अधिक जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और राजस्थान स्वास्थ्य में सिरमौर बने। श्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार 'पहला सुख निरोगी काया' अर्थात् स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा सुख होता है। इसी अवधारणा के साथ प्रदेश में लागू की गई मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना अब पूरे देश के लिए मिसाल बन गई है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत अब तक 37 लाख मरीजों को 7 हजार 300 करोड़ रुपये का कैशलेस इलाज उपलब्ध करवाया गया है। इसी तरह, मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत औषधियां, सर्जिकल एवं सूचर्स उपलब्ध करवाने में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। जिला चिकित्सालयों में बुजुर्गों के लिए रामाश्रय वार्ड खोले हैं, जहां उन्हें सम्मान के साथ स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

### चिकित्सा सेवा का क्षेत्र, दायित्वों को निष्ठा और ईमानदारी से निभाए स्वास्थ्यकर्मी

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा सेवा का क्षेत्र है। हर रोगी को संवेदनशीलता के साथ अच्छा उपचार मिले और जीवन रक्षा का उद्देश्य फलीभूत हो। यही इस क्षेत्र की महानता है। चिकित्सकों एवं इस क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी को चाहिए कि वे अपने दायित्वों को निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाए। राज्य सरकार ऐसे सेवाभावी कार्मिकों के सम्मान में कोई कमी नहीं रखेगी। लेकिन जनता के पैसे का दुरूपयोग करने वाले एवं स्वास्थ्य योजनाओं में अनियमितता करने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है ताकि प्रदेश को प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 7 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और 15 नवीन मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। साथ ही, भीलवाड़ा, धौलपुर, प्रतापगढ़, नाथद्वारा एवं बूंदी में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की गई है। हमारा प्रयास है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा मिले। इस दिशा में जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## डेनमार्क बोला- पहले गोली मारेंगे, फिर बात करेंगे

### हमारे सैनिकों को इजाजत की जरूरत नहीं, ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी पर जवाब

कोपनहेगन।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क का जवाब आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी है कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे।



बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था। उस समय कम्युनिकेशन सिस्टम ठप हो गया था और सैनिकों को समझ नहीं आया था कि क्या किया जाए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह नियम आज भी लागू है।

यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड पर कब्जा करने या फिर उसे खरीदने जैसी बयान दिए गए हैं।

## हिमाचल में खाई में गिरी बस, 14 की मौत

हरिपुरधार (सिरमौर)।



हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में शुक्रवार को एक प्राइवेट बस 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं 52 लोग घायल हुए हैं। इनमें 3 की हालत नाजुक बनी हुई है। गंभीर घायलों को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। सिरमौर की डीसी प्रियंका ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार हादसा बस के स्किड होने से हुआ लग रहा है। बस में 66 यात्री सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

यह हादसा दोपहर बाद पौने 3 बजे सिरमौर के हरिपुरधार बाजार से करीब 100 मीटर पहले हुआ। बस में कुपवी (शिमला) और हरिपुरधार क्षेत्र (सिरमौर) के लोग सवार थे। हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुख जताया। पीएम ने आर्थिक सहायता (एक्स ग्रेशिया) देने की घोषणा की। हर मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### शिमला से कुपवी जा रही थी प्राइवेट बस

जीत कोच बस शिमला से वाया सोलन और सिरमौर होते हुए कुपवी जा रही थी। शिमला शहर से सुबह 7:30 बजे बस रवानी हुई थी। कुपवी से 28 किलोमीटर पहले ही बसे खाई में गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। पुलिस, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंचीं।

### बस के नीचे दबे थे 5 लोग

बस के नीचे 5 से ज्यादा यात्री दबे हुए थे। ग्रामीणों ने बस को पलटकर सभी को बाहर निकाला। इनमें से चार यात्रियों की मौत हो गई। घटनास्थल और हरिपुरधार अस्पताल के बाहर सैकड़ों लोग जुट गए।

### बस के परखच्चे उड़े, छत चेसिस से अलग हुई

हादसे के बाद बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस के परखच्चे उड़ गए। बस की छत चेसिस से अलग हो गई। पीछे के दोनों टायर भी बस से निकलकर दूर जाकर गिरे। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का अधीक्षण अभियंता आईफोन की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पीएचईडी में रिश्वतखोरी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए झालावाड़ के अधीक्षण अभियंता एसई विष्णु चंद गोयल को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी ने परिवादी से बकाया बिल पास करने और परेशान न करने की एवज में 84 हजार रुपए कीमत का आईफोन एक्सआर मोबाइल रिश्वत के रूप में लिया। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि झालावाड़ टीम को 5 जनवरी 2026 को एक ठेकेदार ने शिकायत दी थी।

परिवादी ने बताया कि वह पीएचईडी खंड झालावाड़ में हैंडपंप रिपेयर, पाइपलाइन लीकेज सुधार और लैंड संपर्क से जुड़े कार्य कर रहा है। पूर्व में रजिस्ट्रेशन के नाम पर उससे 25 हजार रुपए वसूले जा चुके हैं। इसके बाद उसे व उसके पार्टनर को बार-बार परेशान कर काम से हटाने और डिबार करने की धमकियां दी जा रही थीं।

### बिल पास करने की एवज में मांगा महंगा मोबाइल

**परिवादी के अनुसार अगस्त माह से उससे आईफोन मोबाइल की मांग की जा रही थी। लेबर बिल को फर्जी बताकर भुगतान रोक दिया गया और त्योहारों पर कुछ नहीं देनेष् की बात कहकर दबाव बनाया गया। इस पर जब परिवादी अधीक्षण अभियंता विष्णु चंद गोयल से मिला तो उन्होंने बकाया बिल पास करने और भविष्य में परेशान न करने की एवज में आईफोन 16 प्रो मोबाइल की मांग की, जिसकी कीमत करीब 1.30 से 1.50 लाख रुपए बताई गई।**

### गोपनीय सत्यापन के बाद बिछाया ट्रैप

शिकायत के आधार पर 7 जनवरी 2026 को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन कराया गया, जिसमें मोबाइल फोन की रिश्वत मांग की पुष्टि हुई। इसके बाद 9 जनवरी को एसीबी कोटा रेंज के उप महानिरीक्षक आनंद शर्मा के सुपरविजन और एसीबी झालावाड़ चौकी की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रेरणा शेखावत के निर्देशन में ट्रैप कार्रवाई की गई।

### रंगे हाथों गिरफ्तारी

ट्रैप के दौरान पुलिस निरीक्षक साजिद खान के नेतृत्व में टीम ने आरोपी अधीक्षण अभियंता एसई विष्णु चंद गोयल को परिवादी से आईफोन एक्सआर मोबाइल लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मोबाइल का बिल आरोपी के कहने पर उसी के नाम से बनवाया गया था। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ और उसके आवास की तलाशी की कार्रवाई जारी है।





## केआरएम में लगाया पौष बड़ों का भोग



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** एनएच 52 पर स्थित केआरएम में शुक्रवार को पौष बड़ो का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान के हलवे पुरी का भोग लगाया गया। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। पार्षद मोती राम जांगिड़ डीएम व कैलाश कुमावत ने बताया कि गुरुवार शाम से ही हजारों लोगो के लिए प्रसादी बनाने का कार्य शुरू किया गया। इसके बाद दोपहर में भगवान के विधी विधान पूर्वक पाठ किये गये। शुभ मूहुर्त में भगवान के प्रसादी का भोग लगाया गया। इसके बाद भक्तों में प्रसादी का वितरण किया गया। प्रसादी लेने के लिए आस पास के गांवों से भी सैकड़ों लोग पहुंचे। इस दौरान पार्षद अखिलेश भातरा, नन्द किशोर जोशी, मोती राम जांगिड़, मुकेश जांगिड़, राजीव पारीक, संजय यादव, महावीर पारीक सहित अनेक अनेक गणमान्य भी मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीसीएमओ डॉ हरीश यादव की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य कार्यशाला में आपातकालीन स्थिति में पीड़ित की जान बचाने में मानवता से सहयोग करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में एमडी मेडिसिन डॉ प्रदीप यादव ने बताया कि आपातकालीन समय से पीड़ित को समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाने के कारण वह व्यक्ति मृत्यु का शिकार हो जाता है। किसी भी हादसे या अन्य आपात स्थिति से पीड़ित व्यक्ति को उपचार देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर भागीदारी निभानी चाहिए। डॉ यादव ने सीपीआर व फर्स्ट ऐड के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में सड़क हादसों व हार्ट अटैक की वजह से युवा काल का ग्रास बन रहे है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को यातायात के नियमों का पालन करने व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई। इस दौरान उन्होंने पहले फेज में खेतड़ी ब्लॉक के समस्त नर्सिंग ऑफिसर्स को प्रशिक्षित किया गया। वहीं जल्द आपात स्थिति से निपटने के लिए समस्त डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अलावा खेतड़ी उपखंड की राजकीय स्कूलों इस बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। बैठक मे डॉ महेंद्र सैनी, नर्सिंग ऑफिसर कुलदीप भाम्भू, कंवल कुमार, सुशीला, सुभीता कुमारी, पिंकी, कमला, निर्मला, ममता गुर्जर, ज्योति, संजयपाल, संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सोनू निगम 18 को जयपुर में लाइव परफॉर्म करेंगे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मशहूर गायक सोनू निगम अपना लोकप्रिय लाइव कॉन्सर्ट टूर दीवाना तेरा लेकर 18 जनवरी को स्टूडियोज सीतापुरा जयपुर आ रहे हैं। इस टूर के तहत आगे इंदौर और लखनऊ में भी कॉन्सर्ट्स आयोजित किए जाएंगे, जिससे सोनू निगम की सदाबहार आवाज देश के अलग-अलग शहरों तक पहुँचेगी। रोमांस, यादों और भावनाओं से भरी अपनी आवाज के लिए मशहूर सोनू निगम का यह जयपुर कॉन्सर्ट दर्शकों के लिए एक खास और यादगार शाम साबित होने वाली है। इस शाम में उनके पुराने हिट गानों से लेकर नए पसंदीदा गानों तक, वे सभी गीत सुनने को मिलेंगे जो दशकों से लोगों की जिंदगी का हिस्सा रहे हैं और आज भी हर उम्र के लोगों से जुड़ते हैं। फीवर लाइव द्वारा क्यूरेट और प्रोड्यूस किया गया और को-प्रोड्यूसर कोग्निवेरा के साथ मिलकर तैयार किया गया यह कॉन्सर्ट, सोनू निगम के लंबे और शानदार संगीत सफर और लाइव ऑडियंस के साथ उनके खास जुड़ाव का जश्न है। फीवर नेटवर्क के सीईओ रमेश मेनन ने कहा कि कि दीवाना तेरा सिर्फएक कॉन्सर्ट नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सफर है जिससे दर्शक तुरंत जुड़ जाते हैं। गुवाहाटी में मिले शानदार रिस्पॉन्स के बाद हम इस टूर को जयपुर और फिर इंदौर व लखनऊ तक ले जाने को लेकर उत्साहित हैं। जयपुर में को-प्रोड्यूसर कोग्निवेरा के साथ मिलकर हमारा मकसद दर्शकों को ऐसे लाइव म्यूजकि अनुभव देना है, जो लंबे समय तक यादों में बने रहें। जयपुर में होने वाला यह कॉन्सर्ट राजस्थान और आसपास के इलाकों से आने वाले संगीत प्रेमियों के बीच सीजन के सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले लाइव म्यूजकि इवेंट्स में से एक माना जा रहा है।

## अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** सरकार द्वारा घुमंतु/अर्द्ध घुमंतु व विमुक्त जातियों के लिए बजट 2024-25 में मुख्यमंत्री घुमंतु आवास योजना की शुरूआत की गई थी। यह योजना उन घुमंतु/अर्द्ध घुमंतु व विमुक्त समुदायों के लिए वरदान है जो क्षेत्र में घुमकर अपना जीवन यापन करते है। योजना के तहत शुक्रवार को वार्ड तीन के पार्षद प्रतिनिधि राहुल जैदिया ने कस्बे के विभिन्न वार्डों में सालों से रह रहे घुमंतु परिवार व गाडिया लोहारों को नि:शुल्क पट्टे सुदा भूखंड आवंटन व आवासीय योजना के तहत पक्के मकान निर्माण के लिए नगरपालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। पार्षद प्रतिनिधि ने ज्ञापन के माध्यम से आवाज उठाई है कि कस्बे में रहने वाले गाडिया लोहारों के 16 परिवारों ने पट्टे के लिए आवेदन कर रखा है जिन पर जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुए इनको नि:शुल्क पट्टे आवंटन किए जाए। साथ ही इन परिवारों को आवास योजना के तहत पक्के मकान, स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाए। इस मौके पर चिरंजी लाल, अमर सिंह, जगराम, सूरमा, विनोद, अनिल, सुमेर, आजाद, कालू, दीवान, शान्ति देवी, संजू देवी, शेर सिंह, मंजीत, संतरा देवी सहित गाड़िया लोहार मौजूद रहे।

# ज्ञापन : ग्रामीण ओवरलोड डंपरों से परेशान

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के लालगढ़ के ग्रामीणों के लिए बैखोफ चल रहे ओवरलोड डंपर परेशानी का सबब बन रहे है। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर ओवरलोड डंपरों पर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कोई कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीणों की ओर से ओवरलोड डंपरों का संचालन बंद करवाया जाएगा। ग्रामीणों ने एसडीएम सुनिल चौहान को दिए ज्ञापन में बताया की पपुरना से डाबला रोड पर ग्राम लालगढ़ होते हुए क्रेशर पर जाने वाले डंपर ओवरलोड तथा ओवरस्पीड से जाते हैं। जिससे पत्थर गिरने का खतरा रहता है। सड़क के नजदीक ग्रामीण आवास होने कारण बच्चे बाहर घूमते रहते हैं।



ओवरलोड डंपरो से नुकसान होने की बहुत संभावना रहती है।

ग्रामीणों को ओवरलोड डंपरों से हो रही परेशानी को लेकर हो डंपरों के ड्राइवरों और क्रेशर मालिकों को इसकी सूचना पहले भी दे दी गई थी लेकिन इसके बावजूद कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। डंपर ड्राइवर ओवरलोड डंपरों को बैखोफ होकर दौड़ा रहे है जिससे आए दिन हादसा होने का भय बना रहता है। ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए इन्हें पाबन्द किया जाए कि जो भी ओवरलोड वाहन ग्रामीण एरिया में से गुजरे वह स्पीड के साथ-साथ सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

उन्होंने बताया कि ओवरलोड चलने वाले डंपरों के ड्राइवरो को पाबन्द नहीं किया गया तो शीघ्र ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसका जिम्मेदार शासन और प्रशासन होगा। इस दौरान एसडीएम चौहान ने जल्द ही मामले की जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सुनील कुमार सैनी, मुकेश सैनी, मक्खन सैनी, नरेश सैनी, जितेंद्र सैनी, सुरेश सैनी, संदीप बन्ना, दिनेश सैनी, विक्रम, नरेश कुमार, करण सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जिला संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा में वीबीजी राम जी के जनजागरण के लिए जिला संयोजक व सहसंयोजक की नियुक्ति की गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की सहमति से यह नियुक्ति की है।

जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि वीबीजी राम जी जनजागरण के लिए जिला संयोजक के पद पर रामावतार रूंथला व सहसंयोजक के पद पर राधाकिशन जांगिड़ए रामचंद्र बगडिया, सुमित गुर्जर व प्रियंका बाजिया को नियुक्त किया है।

## दो अवैध निर्माण सीज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** किशनपोल जोन में अवैध निर्माण पर सख्त कारवाई की गई। जहां उपायुक्त विजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में राजस्व अधिकारी सुनिल कुमार एवं अन्य द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत पर कारवाई करते हुए सीज की कार्रवाई की। जिसके अन्तर्गत मकान नम्बर 1980 ठाकुर पचेवर का रास्ता जौहरी बाजार दुकान नंबर 79-80 के ऊपर रामगंज बाजार पर कारवाई करते हुए सीज की कारवाई की गई। नगर निगम जयपुर द्वारा जयपुर शहर में अवैध निर्माण और बिना अनुमति संचालित व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर निगम का सख्त अभियान जारी है। इस क्रम में नगर निगम आयुक्त डॉ.



गौरव सैनी के निर्देश पर जोन उपायुक्त विजेन्द्र कुमार ने बताया की संबंधित भवन स्वामियों और दुकानदारों को पहले ही नियमानुसार नोटिस जारी किये जा चुके थे। लेकिन तय समय में नियमों की पालना नहीं की गई, इसके बाद भी कार्रवाई की गई।

# ई-रिक्शा में बैठी महिला का मंगलसूत्र काटने वाली शिकारी गैंग का भंडाफोड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में ई-रिक्शा में सवार महिलाओं को बातों में उलझाकर गले से मंगलसूत्र काटने वाली शिकारी गैंग का गलता गेट थाना पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी युवती को गिरफ्तार कर चोरी किया गया मंगलसूत्र बरामद कर लिया है। फिलहाल आरोपित युवती से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई.रिक्शा में सवार महिलाओं को बातों में उलझाकर गले से मंगलसूत्र काटने वाली शिकारी गैंग की एक शातिर युवती शिवानी शिकारी 19 निवासी दिल्ली बाईपास रोड गलता गेट को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित युवती के कब्जे से सोने जैसी धातु का चोरी



किया गया मंगलसूत्र बरामद किया गया है। यह गैंग ई-रिक्शा में सवार महिलाओं के पास बैठकर बातचीत में उलझाती है और ध्यान भटका कर गले में पहने आभूषण चोरी कर लेती है। वहीं इस गैंग में शामिल आरोपित युवती की मौसी शीला की तलाश जारी है।

थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि छह जनवरी को जवाहर नगर निवासी 26 वर्षीय गुड्डू कंवर ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपनी सास के साथ गलता गेट चौराहा मंदिर के पास से बैटरी ई.रिक्शा में बैठीं। उनके साथ तीन अन्य महिलाएं और एक 15-16 वर्ष की लड़की भी सवार थीं। रास्ते में खोल के हनुमानजी के पास अचानक उनके गले से मंगलसूत्र के मोती गिरने लगे। तभी उन्हें अहसास हुआ कि मंगलसूत्र काट लिया गया है। उसी दौरान साथ बैठी महिलाएं जल्दी उतरने की हड़बड़ी दिखा कर मौके से फरार हो गईं। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने शिकारी गैंग की एक युवती को चिन्हित करते हुए पकडा।

## महिलाओं की आहुतियों के बिना अधूरा रह जाता स्वशासन का सपना : शर्मा

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** शासकीय महाविद्यालय आलमपुर, भिंड, मध्य प्रदेश की महिला स्वतंत्रता सेनानी (मध्य भारत के विशेष संदर्भ में) विषयक राष्ट्रीय वेबिनार में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मेघना शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में मध्य भारत की महिला स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर बोलते हुए कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करने तक महिलाओं ने विरोध, प्रतिरोध की नीति



अपनाते हुए सशस्त्र आंदोलनों में भी भूमिका निभाई तो गांधी के सत्याग्रह और सविनय अवज्ञा को भी अपना अस्त्र बनाया। भूमिगत गतिविधियों में भी महिलाओं का विशेष योगदान रहा। डॉ मेघना ने आगे बोलते हुए कहा कि यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि यदि महिलाओं ने खुद को स्वाधीनता की लड़ाई में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ना झोंका होता तो शायद स्वशासन का सपना कभी पूरा नहीं हो पाता। इससे पूर्व सरस्वती पूजन व स्वागत गीत से वेबिनार का शुभारंभ हुआ। स्वागत भाषण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ भगवान सिंह निरंजन ने दिया तो विषय प्रवर्तन इतिहास विभाग की डॉ मंदाकिनी शर्मा ने किया। वेबिनार में प्रो. कुमार रत्नम, कल्याण सिंह कौरव, प्रो. संजय स्वर्णकार, डॉ विनय श्रीवास्तव, डॉ हंसा व्यास आदि ने भी विचार रखे। आभार प्रदर्शन धर्मवीर भदौरिया द्वारा किया गया।

## पाँच प्रतिभागियों का राष्ट्रीय नायक प्रशिक्षण शिविर हेतु चयन

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** विप्र फाउंडेशन द्वारा सामाजिक नेतृत्व विकास की दिशा में एक और सशक्त पहल करते हुए उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित स्वर्ग आश्रम में 10 एवं 11 जनवरी को आरोहण-नायक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर में देशभर से चयनित लगभग 450 सामाजिक नेतृत्व क्षमता से युक्त कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण शिविर के लिए बीकानेर से केवल पाँच प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। चयनित प्रतिभागियों में दीपक हर्ष, धनसुख सारस्वत, केदार शर्मा, शकुंतला शर्मा एवं सीए सुधीश शर्मा शामिल हैं। विशेष उल्लेखनीय है कि सीए सुधीश शर्मा का चयन उनके दीर्घ सामाजिक, शैक्षणिक एवं खेल क्षेत्र में योगदान को देखते हुए किया गया है। सीए सुधीश शर्मा वर्तमान में जिला ओलंपिक संघ, बीकानेर के अध्यक्ष, जिला जिम्नास्टिक्स संघ, आवर फॉर नेशन अभियान सहित अनेक सामाजिक संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। वे पूर्व में आईसीएआई बीकानेर शाखा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं तथा वर्षों से युवाओं, खेल प्रतिभाओं और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। विप्र फाउंडेशन के अनुसार, इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान कुल नौ विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नेतृत्व विकास, सामाजिक समर्पण, राष्ट्र निर्माण, संगठन क्षमता और सेवा भाव को मजबूत करने पर विशेष जोर रहेगा। फाउंडेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि यह शिविर समाज और राष्ट्र के लिए संस्कारयुक्त, समर्पित एवं सक्षम नए नायकों को गढ़ने का सशक्त मंच सिद्ध होगा। बीकानेर से चयनित प्रतिभागियों की यह उपलब्धि न केवल जिले की सामाजिक चेतना को दर्शाती है, बल्कि आने वाले समय में समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों को नई दिशा देने वाली साबित होगी।

## चोरी की घटनाओं को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन



निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** टमकोर में 7 जनवरी की रात एक साथ हुई लगभग 10 चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है।

लगातार बढ़ती चोरी की वारदातों को लेकर ग्रामवासियों का एक प्रतिनिधि मंडल युवा सामाजिक कार्यकर्ता विकास स्वामी, संपत जांगिड़ भाजपा मंडल महामंत्री, विमल जैन, रघुवीर धेतरवाल के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक से मिला और ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। विकास स्वामी ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि एक ही रात में चोरों ने कई घरों के ताले तोड़कर नकदी, जेवरात व घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया।

इससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। टमकोर में पुलिस चौकी नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और चोरी जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि चोरियों का जल्द खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए तथा गांव में स्थायी पुलिस चौकी की स्थापना की जाए। टमकोर जिले के अंतिम छोर पर बसा हुआ गांव है जहा चूरू जिले की तीन तरफ सीमा लगती है व हरियाणा का बॉर्डर भी नजदीक है। इस वजह से अपराधीक गतिविधियों का अंदेशा अधिक रहता है।

साथ ही जिले में जैन समुदाय के गढ़ के नाम से टमकोर विख्यात है, यहां जैनियों की हवेलियां मौजूद हैं जिनमें भी काफी बार चोरियां हुई है लेकिन कोई बड़ी सफलता आज तक पुलिस को नहीं मिल पाई है। पुलिस की टीम लगातार तीन दिन से गांव में डेरा डाले हुए हैं लेकिन इतनी बड़ी वारदात के बाद भी कोई बड़ी सफलता पुलिस को अभी तक नहीं मिल पाई है। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि चोरी की घटनाओं की गंभीरता से जांच कराई जा रही है जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा तथा क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। साथ ही गांव में पुलिस चौकी खोलने के प्रस्ताव पर भी विचार करने का भरोसा दिलाया गया।

## साइबर क्राइम पर एक दिवसीय वर्कशॉप आयोजित

निसं

**साण्डवा ( नवयत्न )।** अभिलाषा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं अभिलाषा महाविद्यालय के द्वारा पीओएसएच एक्ट 2013 एवं साबर क्राइम पर एक दिवसीय सामूहिक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

जिसमें आंतरीक शिकायत कमेटी की अध्यक्ष रूपा देवी प्रोफेसर ने अध्यक्षता की। जिसमें मुख्य वक्ता बीएड प्राचार्य डॉ भारत भूषण भारतीय थे। जिन्होने कार्य स्थल पर होने वाले महिला उत्पीड़न के बारे में जानकारी दी और उन्होने बताया की कैसे एक जागरूक महिला कार्य स्थल पर सम्मान एवं अपनी सुरक्षा के साथ कार्य कर सकती है और किसी भी प्रकार की होन वाली समस्या या



उत्पीड़न की शिकायत कैसे की जा सकती है। इसमें अभिलाषा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय से 5 प्रशिक्षणार्थी एवं अभिलाषा महाविद्यालय 5 विद्यार्थियों को एम्बेस्डर नियुक्त किया गया। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से लैंगिक संवेदनशीलता हेतु संकल्प लिया। इस वर्कशॉप में महाविद्यालय के स्टॉफ लेखराम सारण, रामदेव भांभू, निशा पारीक, लीला मौर्य, रामेश्वर लाल मौर्य, बनवारी लाल बाटड़, अजीत सिंह, अर्जन सिंह व संजय शुक्ला मौजूद रहे।

# एसटीएसई परीक्षा में स्वर्णिम करियर इंस्टिट्यूट के 5 विद्यार्थियों की शानदार सफलता

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** सेंट्रल चिल्ड्रन एकेडमी शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वर्णिम करियर इंस्टिट्यूट, रींगस के विद्यार्थियों ने स्टेट टैलेंट सर्च एक्जामिनेशन -2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। परीक्षा में संस्थान के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। राजस्थान बोर्ड अजमेर द्वारा एसटीएसई परीक्षा में सफल विद्यार्थियों में दिव्या चौधरी ने 12वीं रैंक, भावना कुमावत ने 23वीं रैंक, मानसी ने 24 वीं रैंक, सिम्स ने 31वीं रैंक तथा दीक्षा शर्मा ने 33 वीं रैंक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया।

संस्थान निदेशक डॉ अजय सक्सेना व सह निदेशक कविता सक्सेना ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के



सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि स्वर्णिम करियर इंस्टिट्यूट विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस उपलब्धि पर संस्थान के शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस इस अवसर पर स्वर्णिम कोऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर, महेंद्र महला, झाबर निठारवाल, अर्जुन लाल राजोरिया, केदार बुला, विजय गोपाल शर्मा, संज्योति मेम, उगन्ता चौधरी, संगीता चौधरी सहित संस्थान के स्टाफ सदस्य व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## राम कथा में सुनाया केवट प्रसंग



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** नगर आराध्य देव श्री गोपीनाथ मंदिर में चल रही श्री राम कथा के दौरान हरिद्वार से पधारे संत बालक दास ने शुक्रवार को प्रभु राम के वनगमन और केवट संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि केवट की भक्ति इतनी निस्वार्थ थी कि उसने प्रभु को गंगा पार कराने के बदले उतराई तक नहीं ली। कथा के दौरान जब राजा दशरथ के विलाप और मृत्यु का प्रसंग सुनाया गया, तो पूरा पंडाल भावुक हो उठा। मंदिर महंत डॉ. मनोहरशरण ने बताया कि कथा के अंत में भरत-मिलाप और खर-दूषण वध की लीलाओं का मार्मिक चित्रण किया गया। भरत जी का ननिहाल से लौटना और पूरी अयोध्या के साथ श्री राम को मनाने वन जाना, प्रेम और समर्पण की पराकाष्ठा है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे जिन्होंने आरती के बाद प्रसाद ग्रहण किया। कथा के दौरान आयोजन समिति के परमानंद सोनी, पंकज सोनी, हेमंत सोनी वहीं इस मौके पर शिंभू चौधरी, बाबूलाल शर्मा, संजय गुप्ता, सत्यनारायण शर्मा, अर्जुन लाल सैनी, नरेश शर्मा, सागर सैनी, रामावतार आगीवाल, सत्यनारायण खांडल, शिंभुदयाल सैनी, जुगल चौधरी, महावीर पारीक, राजेंद्र चौधरी, श्याम जी मांगलिहारा, रामचंद्र सैन निरंजन सोनी, छाजु खेड़ीवाल, निरंजन कयाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे। काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कथा रोजाना दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक चल रही है।

## खेल सप्ताह का समापन समारोह आज



सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वर्धमान विद्या विहार में खेल सप्ताह का समापन समारोह आज 10 जनवरी 2026 को मनाया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष दीपक संगही ने बताया कि खेल सप्ताह समारोह में मुख्य अतिथि मुकुल चौधरी क्रिकेटर आईपीएल लखनऊ जायंट, राव आनंद कुमार डीएसपी खाटूश्यामजी, देवेन्द्र सिंह राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन, विजेंद्र गढ़वाल राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन तथा आलोक सेठी स्टेट पेनल एम्पायर, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन रहेंगे।

संस्था सचिव संजय संगही ने बताया कि खेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु खो-खो, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, टू एवं थ्री-लेग रेस, बाधा दौड़, कबड्डी, रस्सा-कस्सी, बैडमिंटन, क्रिकेट, बन्नी जम्पिंग, मार्बल रेस तथा विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमे भाग लेकर बच्चों ने खेलों के प्रति रुचि दिखाई एवं अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। संस्था के उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया ने बताया कि खेल सप्ताह समापन समारोह में खेल प्रतियोगिताओं में विजेता टीमों एवं विजेता खिलाड़ियों को मेडल, मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। संस्था सह-सचिव रितेश रारा ने बताया कि समारोह के लिए संस्था के हॉल में एक मीटिंग का आयोजन किया गया एवं तैयारियों के बारे में चर्चा की गयी। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष सुशील काला, सदस्यगण सुनील पहाड़िया, प्रियंक गंगवाल एवं मनोज जैन तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर तहसील कार्यालय में तहसीलदार हरदीप सिंह की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा, भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश घिंटाला, लाभचंद सोनी, युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, भाजपा नगर अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, एडवोकेट रोहित मारू, पार्षद कपिल पारीक, सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। आपसी विचार विमर्श करने के बाद निर्णय लिया गया कि इस बार गणतंत्र दिवस भी सामुहिक रूप से युवा भारती स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। स्टेडियम के प्रभारी लाभचंद सोनी ने भी विचार रखते हुए कहा कि ग्राउंड में इस प्रकार का टेंट लगाया जाए जिसमें गड्ढे ना हो तथा कार्यक्रम के बाद साफसफाई भी करवाएं उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर भी सुझाव दिए। तहसीलदार हरदीप सिंह ने कहा कि टेंट, माइक तथा अन्य व्यवस्था नगर पालिका को सौंपी गयी है। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों व खेल कूद में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। जल्द ही एक कमेटी गठित की जाएगी तथा अलग अलग जिम्मेदारी दी जाएगी।

# जाट बोर्डिंग हाऊस संस्थान को भामाशाहों द्वारा सहयोग राशि का सिलसिला जारी

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जाट बोर्डिंग हाऊस संस्थान, सीकर में निर्माणाधीन 6 मंजिला प्रोजेक्ट त्रिलोक सिंह रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट भवन के निर्माण कार्यों में सहयोग के लिए जिले के समाज बंधुओं तथा ग्रामीण जनों द्वारा आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। संस्थान प्रेस सचिव हरिराम मील ने बताया कि जाट बोर्डिंग हाऊस संस्थान सीकर में 6 मंजिला प्रोजेक्ट त्रिलोक सिंह रिसर्च एवं डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट भवन के निर्माण कार्यों में सहयोग के लिए एक बार फिर समाज बंधुओं द्वारा सहयोग दिया गया है। इसी क्रम में कुडली निवासी प्यारेलाल आर्य पुत्र पेमाराम आर्य द्वारा 51000 रुपए, कवर पुरा निवासी गिरधारी लाल बिजारणियां पुत्र परसाराम बिजारणियां द्वारा 51000 रुपए, सिहोट छोटी निवासी झाबरमल ओला पुत्र टोडाराम ओला द्वारा 51000 रुपए, परडोली निवासी रामेश्वर बेरवाल पुत्र जगूराम बेरवाल द्वारा 51000 रुपए, जेरठी निवासी प्रहलाद जाखड़ पुत्र पृथ्वी सिंह जाखड़ द्वारा 21000 रुपए, फतेहपुर निवासी मोहन सिंह मील पुत्र दीपाराम मील द्वारा 11000 रुपए व रामसीसर निवासी शिशुपाल सिंह थोरी पुत्र जवाहर राम थोरी द्वारा 11000 रुपए कुल दो लाख सैंतालीस हजार रुपए की सहयोग राशि भैट की गई। हरिराम मील ने बताया कि दीनबंधु सर छोटूराम की पुण्यतिथि पर उक्त संस्थान को भामाशाहों द्वारा दो लाख सैंतालीस हजार रुपए की आर्थिक सहयोग राशि प्राप्त हुई। जाट बोर्डिंग हाउस संस्थान अध्यक्ष गणेश बेरवाल व समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी भामाशाहों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। सभी भामाशाहों ने हर समय संस्थान के साथ जुड़े रहने का आह्वान किया। जाट बोर्डिंग हाऊस संस्थान अध्यक्ष गणेश बेरवाल व समस्त कार्यकारिणी की ओर से संस्थान को आर्थिक राशि भेंट करने वाले भामाशाहों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया तथा धन्यवाद व आभार जताया गया।

## बालिकाओं को दिलाई नशामुक्ति की शपथ



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू तथा अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ महेंद्र प्रताप भाटी के निर्देशानुसार 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में नालसा योजना के अंतर्गत गांधी बालिका स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पीएलवी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि सभी छात्राओं को नशा ना करने, बाल विवाह से अपने समाज और देश को प्रदूषित नहीं होने की शपथ दिलाई। यदि ऐसा दृश्य हमें देखने को मिलेगा तब हम तुरंत 1933 राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर से संपर्क करेंगे। नशीले पदार्थ का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्या ललिता भोजक ने कहा कि नशा हमारे मस्तिष्क को संकुचित करता जाता है और संवेदना को मार देता है, जिससे कल्पनाशक्ति खत्म भी हो सकती है। कार्यक्रम में दिशा सामरिया, एकता, संतोष गोठडिया, ममता, रचना प्रजापत आदि लोग मौजूद रहे।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता अनिवार्य : डॉ. पुरोहित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर के भारती विद्यापीठ महाविद्यालय में राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार कैंपस कॉलिंग एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार अथवा असंवेदनशील को रोकने के लिए एक शॉर्ट फिल्म दिखाई गई जिसका उद्देश्य आधुनिक भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी एवं महिला सुरक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई कार्यक्रम का संयोजन प्राचार्य डॉ. राजशेखर के द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत प्राचार्य ने विद्यार्थियों को इस वर्कशाप के माध्यम से बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं सम्मान बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को आह्वान किया इस कार्यक्रम में मोहम्मद रमजान कुमारी पूनम ने डिजिटल सहभागिता निभाई कार्यक्रम के संयोजन में नीरज कच्छावा भगवती प्रसाद जमन सिंह और दुर्गा दत्त नेहरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# टेंट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष निर्मल सैनी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** चूरू जिला टेंट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष निर्मल सैनी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विनायक होटल नेशनल हाईवे 11 से विशाल जुलूस निकाला गया जिसमें अनेको डीजे, ढ़ोल नगाड़े, विभिन्न प्रकार की जीवित झांकियां ऊंट, घोड़ा एबग्गी से रवाना हुआ जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए माली सैनी समाज भवन पहुंचा जुलूस का कस्बे वासियों ने ऐतिहासिक पुष्प वर्षा से निर्मल सैनी स्वागत किया साथ ही सैकड़ो स्वागत द्वार भी बनाए गए जहां पर सभी कस्बे वासियों ने स्वागत किया माली सैनी समाज भवन में निर्मल सैनी को राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जिंदल, प्रदेश अध्यक्ष रास बिहारी शर्मा ने शपथ दिलाई शपथ दिलाते ही शानदार आतिशबाजी देखने को मिली साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जिंदल अपने आप को रोक नहीं सके उन्होंने मंच पर तुरंत ही निर्मल सैनी को राष्ट्रीय सचिव बनने की घोषणा करते हुए रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र से आने वाले 2028 में रतनगढ़ से निर्मल को चुनाव लड़ाने की भी घोषणा कर दी कार्यक्रम में पूरे चुरू जिले की एवं राजलदेसर अनेकों सामाजिक संस्थाओं द्वारा निर्मल सैनी अभिनंदन किया गया जिसमें अभिनंदन पत्र, 51 किलो फुलों की माला, मोमेंटो, साफा, सोल, तलवार भेंट करके सम्मान किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ के पुत्र चूरू जिला महामंत्री पराक्रम राठौड़, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का साफा एप्रतीक चिन्ह, माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर महामंत्री रजनीश शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश छींपा, संभाग अध्यक्ष राजेंद्र फौजी, संभाग उपाध्यक्ष बाबू भाई सीकर सहित प्रदेश भर के पदाधिकारी मौजूद रहे। निर्मल सैनी ने विशेष रूप से राजलदेसर टेंट एसोसिएशन व कस्बेवासियों का आभार प्रकट किया। संचालन किरण कुमावत ने किया।

## ज्ञापन : छात्रावास भूमि निरस्तीकरण पर भड़का सर्व समाज

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** सैनी समाज संस्था सहित सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रावास हेतु पूर्व में आवंटित भूमि के निरस्तीकरण आदेश पर गहरी आपत्ति जताते हुए उसे जनहित के विरुद्ध बताया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उक्त भूमि पर छात्रावास निर्माण से समाज के गरीब, ग्रामीण एवं पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा मिलनी थी। भूमि आवंटन निरस्त होने से विद्यार्थियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह निर्णय सामाजिक न्याय और शैक्षणिक विकास की भावना के विपरीत है। सर्व समाज के लोगों ने मांग की कि छात्रावास के लिए पूर्व में जारी भूमि आवंटन आदेश को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, जिससे छात्रों को लाभ मिल सके। जिला कलेक्टर ने ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक भेजने का आश्वासन देते हुए कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर सैनी समाज संस्था के नेतृत्व में सैनी जागृति संस्था, सैनी अधिकारी कर्मचारी सेवा संस्था, राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड, कर्मचारी-अधिकारी विकास संस्थान, महात्मा ज्योतिबा फुले कैरियर एकेडमी सहित सभी संस्थाओं ने संयुक्त रूप से उपस्थित रहे है। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व महिला प्रदेश अध्यक्ष से शिष्टाचार भेट


सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी सीकर की सक्रिय कार्यकर्ता स्वर्णकार सेवा दल की महामंत्री तथा व्यापार मंडल सीकर महिला अध्यक्ष सोनू सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा नव नियुक्त प्रदेश महिला अध्यक्ष राखी राठौर से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में महिला प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ व महिला प्रदेश अध्यक्ष राठौर से सीकर पधारने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल की सोनू सोनी, तारा लावट, प्राची सोनी, ज्योति देवी ने जयपुर बीजेपी मुख्यालय में प्रदेश अध्य्क्ष मदन राठौड़ और महिला प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौर से की मुलाकात कर स्वर्णकार सेवा दल के वार्षिक उत्सव 11 जनवरी हेतु आमंत्रित किया। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने सीकर के महिला प्रतिनिधि मंडल का आग्रह स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में आने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्वर्णकार समाज भाजपा तथा व्यापार संघ से जुड़े कई मुद्दों पर भी प्रदेश नेतृत्व ने चर्चा की।

## ग्रीन स्पेस पार्क का समुचित रख रखाव करने की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नाथो तालाब स्थित नगर परिषद ग्रीन स्पेस पार्क दुर्दशा का शिकार है। रखरखाव ठीक से नहीं होने के कारण यहां पर आने वाले लोगों को निराशा हाथ लगती है। बच्चों के लिए लगे झूले टूटे पड़े है और पेड़ पौधों की ठीक से देखभाल नहीं हो पा रही है, साथ ही जंगली घास भी नहीं कटवायी जा रही है। पार्क में रोशनी हेतु लगी कुछ लाइट भी खराब है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने ग्रीन स्पेस पार्क के रखरखाव और सुरक्षा के लिए स्टाफ बढ़ाने तथा झूले, बेंच, लाइट ठीक करवा कर जंगली घास कटवाने और नियमित साफसफाई करवाने की मांग डीएलबी डायरेक्टर से की है। जिससे पार्क में आने वाले लोगों के लिए परेशानी ना हो और पार्क सुविधाजनक हो सके।

## जेजेटी यूनिवर्सिटी में ऑल इंडिया रिदम ऑफ यूथ 9 फरवरी से



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़े वाला विश्वविद्यालय विद्या नगरी जेजेटी यूनिवर्सिटी द्वारा 9 फरवरी से 11 फरवरी तक रिदम ऑफयूथ 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से शुरू होगा जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता एवं डॉक्टर अजीत कुमार रजिस्टर ने संयुक्त जानकारीमें बताया कि इस कार्यक्रम में विजेताओं को 2लाख तक के पुरस्कार तथा ट्राफियां प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी जिसमें इंडियन सोलो गायनए इंडियन एवं वेस्टर्न सोलो एवं ग्रुप डांस, डिबेट इंग्लिश एवं हिंदी, पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। मुख्य वित्त अधिकारी डॉ. अमन गुप्ता ने बताया कि प्रथम नगद पुरस्कार 11000 द्वितीय पुरस्कार 5100 तृतीय पुरस्कार 3100 नगद विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए जाएंगे तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। महोत्सव का उद्देश्य वर्तमान सामाजिक-सांस्कृतिक प्रवृत्तियों पर आधारित रचनात्मक मंच प्रदान करना है, जहाँ देशभर के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय एवं कॉलेज स्तर के विद्यार्थी ही भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी विश्वविद्यालय में संपर्क कर सकते हैं तथा रजिस्ट्रेशन के लिए यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 जनवरी रखी गई है।

# आरोग्य भारती की जिला स्तरीय स्वास्थ्य संगोष्ठी आयोजित

संजय सोनी




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आरोग्य भारती जिला झुंझुनू जयपुर प्रान्त, राजस्थान के तत्वावधान में केशव आदर्श विद्या मंदिर, इंदिरा नगर स्थित सभागार में स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि, भारतमाता एवं सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीवन, उत्तर क्षेत्र संयोजक आरोग्य भारती हिमाचल, दिल्ली, राजस्थान रहे। उन्होंने आरोग्य भारती के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आरोग्य भारती भारतवर्ष में संपूर्ण स्वास्थ्य रक्षा हेतु प्रचलित सभी चिकित्सा पद्धतियों को भारतीय जीवनशैली के अनुरूप जनकल्याण के लिए अपनाने का साझा सेवा प्रकल्प है। इस सेवा कार्य में चिकित्सक, शिक्षक, प्राध्यापक, अधिवक्ता, खिलाड़ी, समाजसेवी, व्यवसायी, किसान, सैनिक, पत्रकार, कंपाउंडर, नर्स एवं विद्यार्थी सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है। संगोष्ठी में आहार-विहार, नशा मुक्ति, दिनचर्या, विरुद्ध आहार, फास्ट फुड के अत्यधिक सेवन से बढ़ते रोग, मोटापा, भारतीय जीवनशैली एवं महिला स्वास्थ्य जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैद्य डॉ. चन्द्रकान्त गौतम, पूर्व उप निदेशक आयुर्वेद विभाग राजस्थान ने की। उन्होंने सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः की उक्ति के माध्यम से समस्त सृष्टि के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरि शरण शांडिल्य, राजगढ़ ने किया। इस अवसर पर डॉ. पुरुषोत्तम शर्मा, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. कमलेश शर्मा, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. सुरांगना शर्मा, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. मदनलाल सैनी, डॉ. राकेश सैनी, डॉ. बलराज सिंह, डॉ. महेश झाझड़िया, डॉ. जितेश गौड, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. दीपक, डॉ. चन्द्रशेखर भार्गव, डॉ. नीलम, डॉ. महेश माटोलिया, डॉ. उमेश शर्मा, डॉ. राकेश वर्मा, डॉ. विक्रम चौधरी, रणधीर, गौरांग जोशी क्रिकेटर, कृष्णा जोशी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के मार्गदर्शन में झुंझुनू जिले में कार्य विस्तार हेतु आरोग्य भारती की जिला कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. पंकज शर्मा, सचिव डॉ. जितेश गौड, प्रचार-प्रसार डॉ. दीपक, महिला स्वास्थ्य डॉ. सुरांगना शर्मा, सुपोषण डॉ. बलराज सिंह एवं वनौषधि संयोजक डॉ. मनोज शर्मा को दायित्व सौंपे गए।

## सम्पादकीय

# खतरे में विश्व व्यवस्था, बेलगाम होते ट्रंप



वेनेजुएला पर हमला करने और डेनमार्क के स्वायत्तशासी क्षेत्र ग्रीनलैंड पर बलपूर्वक कब्जा करने की धमकी देने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अधिक बेलगाम हो गए हैं। अब उन्होंने एक ऐसे विधेयक को सहमति प्रदान की, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिका 500 प्रतिशत टैरिफ थोपेगा।

चूंकि रूस से तेल खरीदने वाले प्रमुख देश चीन, भारत और ब्राजील हैं, इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि वे इस मनमानी मान्यता से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं कि रूस से तेल खरीदने वाले देश ही उसे यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में सहायक हैं। ट्रंप ने भारत पर पहले से ही 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। इसमें और अधिक वृद्धि का मतलब है आर्थिक प्रतिबंध लगाना।

ट्रंप किस तरह मनमानी पर उतर आए हैं, इसका एक प्रमाण उनकी ओर से 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को अलग करना भी है। इनमें भारत के नेतृत्व वाला अंतरराष्ट्रीय सौर सहयोग संगठन भी है। अमेरिका ने जिन संगठनों से खुद को अलग करने की घोषणा की है, उनमें करीब 30 संयुक्त राष्ट्र के हैं। ट्रंप इसके पहले भी अनेक महत्वपूर्ण वैश्विक संस्थानों से अमेरिका को अलग कर चुके हैं। अब उन्होंने जिस तरह थोक में कई संगठनों से बाहर आने का फैसला किया, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि वे विश्व व्यवस्था को पूरी तौर पर छिन्न-भिन्न करना चाहते हैं।

ट्रंप अपने मनमानेपन से दुनिया को शीत युद्ध के दौर में ही नहीं, बल्कि उसके पहले के उस कालखंड में ले जा रहे हैं, जब विश्व व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं थी। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि दुनिया उनकी धमकियों और सनक भरे फैसलों के समक्ष झुक जाएगी तो ऐसा होने वाला नहीं है। ध्यान रहे कि अब यूरोप भी उनके खिलाफ आवाज उठाने को बाध्य है।

ट्रंप कितना ही गर्जन-तर्जन करें, आज अमेरिका की वैसी हैसियत नहीं, जैसी दो-तीन दशक पहले हुआ करती थी। अब डालर का वर्चस्व भी कम हो रहा है। ट्रंप को यह आभास होना चाहिए कि वे तमाम जोर लगाने के बावजूद यूक्रेन पर रूस के हमले रोक पाने में नाकाम हैं। चीन और ब्राजील पर भी उनका जोर नहीं चल पा रहा है और भारत का भी यही स्पष्ट संदेश है कि वह उनके दबाव में झुकने वाला नहीं।

इसी कारण ट्रंप की भारत के प्रति बौखलाहट बढ़ती जा रही है। आने वाले दिनों में भारत-अमेरिका संबंध और अधिक खराब हो सकते हैं। भारत को अब यह और अच्छे से स्पष्ट करना होगा कि वह ट्रंप की मनमानी सहन करने वाला नहीं। उसे अमेरिका को यह संदेश देने के साथ ही यह भी देखना होगा कि विश्व के प्रमुख राष्ट्रों से मिलकर कैसे ट्रंप की दादागीरी का सामना किया जाए, क्योंकि अब इसके अलावा और कोई उपाय नहीं रह गया है।

## विशेष आलेख

# ट्रंप के 500% टैरिफ हथौड़े का वार बेअसर करेगी मोदी की ढाल, देखती रह जायेगी दुनिया

**वैसे भारत की स्थिति इस पूरे घटनाक्रम में अलग दिखाई देती है। हालिया आंकड़ों के अनुसार अमेरिकी टैरिफ के बावजूद भारत का निर्यात तीन वर्षों की सबसे तेज दर से बढ़ा है। घरेलू मांग में मजबूती, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं, विनिर्माण को बढ़ावा देने और नियमों को सरल बनाने से भारतीय उद्योग को नया आत्मविश्वास मिला है। साथ ही मोदी सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देकर और सुधारों को तेज कर यह संदेश दिया है कि बाहरी दबावों के आगे झुकने की बजाय भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा।**

अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने की चेतावनी देकर वैश्विक व्यापार में नया तूफान खड़ा कर दिया है। इस कदम को सीधे तौर पर भारत, चीन और यूरोपीय संघ जैसे बड़े बाजारों के खिलाफ दबाव की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। खास बात यह है कि अमेरिका पहले से ही भारत पर ऊंचे टैरिफ लागू कर चुका है लेकिन इसके बावजूद भारत का निर्यात तेजी से बढ़ा है और अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

देखा जाये तो अमेरिकी राजनीति में आक्रामक व्यापार नीति की वापसी हो चुकी है। डोनाल्ड ट्रंप के दौर की टैरिफ भाषा जोर पकड़ रही है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन से खुद को अलग कर लिया है जिससे यह संकेत भी मिला है कि वह जलवायु और व्यापार दोनों मोर्चों पर बहुपक्षीय सहयोग से पीछे हट रहा है। अमेरिका की इस रणनीति से सिर्फ भारत या चीन ही नहीं बल्कि यूरोपीय संघ भी असहज है और वहां भी अमेरिकी धमकियों को लेकर बेचैनी बढ़ रही है।

हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिका की इस आक्रामक नीति से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर भी असर पड़ने की आशंका है। यूरोपीय संघ के लिए यह चेतावनी है कि अमेरिका अपने हितों के लिए किसी को भी निशाना बना सकता है। वहीं भारत ने साफ कर दिया है कि वह दबाव की कूटनीति से नहीं बल्कि आर्थिक ताकत से जवाब देगा।

देखा जाये तो अमेरिका का 500 प्रतिशत टैरिफ का शोर दरअसल डर की राजनीति है। यह उस व्यवस्था की घबराहट को दिखाता है जो दुनिया के बदलते आर्थिक संतुलन को स्वीकार नहीं कर पा रही। भारत आज उस मोड़ पर खड़ा है जहां वह न तो किसी के सामने झुकने को तैयार है और न ही टकराव की बेकार लड़ाई में पड़ना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रणनीति साफ है यानि सीधी भिड़ंत नहीं बल्कि नीतिगत प्रहार किया जाये।

देखा जाये तो मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में जो सुधार किए हैं वे आज इस संकट के समय ढाल बनकर सामने आ रहे हैं। विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाएं हों या विदेशी निवेश के लिए नियमों का सरलीकरण हो, हर कदम का मकसद एक ही है भारत को आत्मनिर्भर बनाना। घरेलू उपभोक्ता बाजार की ताकत को सरकार ने रणनीतिक हथियार में बदला है। जब बाहरी बाजार दबाव बनाते हैं तब भीतर की मांग अर्थव्यवस्था को संभाल लेती है। यदि



अमेरिका सचमुच भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाता है तो मोदी के पास कई विकल्प हैं। पहला है निर्यात बाजारों का और विविधीकरण। हम आपको बता दें कि भारत पहले ही एशिया अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। दूसरा उपाय है घरेलू विनिर्माण को और आक्रामक समर्थन। तीसरा उपाय है व्यापार समझौतों को तेज करना ताकि अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम हो। चौथा उपाय है विश्व व्यापार संगठन जैसे मंचों पर कानूनी और कूटनीतिक लड़ाई। वैसे अमेरिका की यह नीति खुद उसके लिए भी जोखिम भरी है। यूरोपीय संघ और चीन के साथ एक साथ टकराव वैश्विक मंदी को न्योता दे सकता है। भारत इस पूरे खेल में संतुलन की भूमिका निभा रहा है। न तो आंख दिखा रहा है और न ही आंख झुका रहा है। यही रणनीतिक परिपक्वता है। देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप की शैली टैरिफ धमकी और दबाव पर आधारित रही है लेकिन मोदी की शैली नीतियों और सुधारों पर टिकी है। दोनों नेताओं के बीच यही मूल फर्क है। भारत ने दिखा दिया है कि टैरिफ से डर कर फैसले नहीं बदले जाते बल्कि अर्थव्यवस्था को इतना मजबूत बनाया जाता है कि टैरिफ बेअसर हो जाएं।

उधर, अमेरिका के सौर गठबंधन से हटने का फैसला भी यही बताता है कि वह सहयोग की नहीं बल्कि नियंत्रण की राजनीति चाहता है। इसके उलट भारत बहुपक्षीय सहयोग का पक्षधर रहा है। यही कारण है कि आज भारत को ग्लोबल साउथ की आवाज माना जा रहा है। देखा जाये तो आज भारत की अर्थव्यवस्था सिर्फ आंकड़ों की कहानी नहीं है बल्कि आत्मविश्वास की कहानी है। निर्यात का बढ़ना, घरेलू मांग का मजबूत होना और सुधारों की निरंतरता यह सब बताता है कि भारत सही दिशा में है। अमेरिका चाहे जितनी भी ऊंची दीवार खड़ी करे भारतीय अर्थव्यवस्था उसके ऊपर से रास्ता निकाल लेगी। साथ ही यूरोपीय संघ और चीन के लिए भी यह समय आत्ममंथन का है। अमेरिकी दबाव के आगे झुकना समाधान नहीं है। भारत ने यह रास्ता दिखा दिया है कि आर्थिक मजबूती ही सबसे बड़ा जवाब है। इसलिए यह साफ है कि टैरिफ की राजनीति अल्पकालिक हथियार है जबकि सुधार और आत्मनिर्भरता दीर्घकालिक शक्ति हैं। मोदी की नीतियां इसी दीर्घकालिक सोच पर आधारित हैं। अगर अमेरिका 500 प्रतिशत टैरिफ का हथौड़ा उठाता है तो भारत के पास नीति सुधार, उपभोक्ता शक्ति और वैश्विक साझेदारी की पूरी ढाल मौजूद है। यही वजह है कि शोर चाहे जितना भी तेज हो, भारत की चाल शांत लेकिन घातक बनी हुई है।

बहरहाल, अमेरिका चाहे यह कह दे कि व्यापार समझौता इसलिए अटका क्योंकि मोदी ने फोन नहीं किया, लेकिन सच्चाई इससे कहीं अलग है। मोदी ऐसे नेता नहीं हैं जो दबाव में आकर या किसी के इशारे पर फैसले लें। भारत की नीति फोन कॉल से नहीं, राष्ट्रीय हित से तय होती है। अगर शर्तें देश के हित में नहीं हैं, तो मोदी पीछे हटने में संकोच नहीं करते। यही कारण है कि भारत आज आत्मविश्वास के साथ दुनिया से बात करता है। अमेरिका को यह समझना होगा कि नया भारत सम्मान चाहता है, आदेश नहीं। मोदी की विदेश नीति साफ है, बराबरी पर बात होगी, दबाव में नहीं।

## आज का राशिफल

### मेष
मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा। तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी।

### वृष
भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है।

### मिथुन
जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा।

### कर्क
रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। यात्रा सफल रहेगी।

### सिंह
शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं।

### कन्या
संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### तुला
दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा।

### वृश्चिक
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

### धनु
निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

### मकर
कार्य पर ध्यान दें। कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें।

### कुंभ
भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है।

### मीन
पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# इन ब्यूटी प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से त्वचा को हो सकता है नुकसान

ब्यूटी ट्रेंड्स में बदलाव आने के साथ मार्केट में नए-नए तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स आते रहते हैं। विज्ञापन के जरिए इन प्रोड्क्ट्स को इतना बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है कि हम इन्हें खरीदने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इनमें से ज्यादा प्रोडक्ट्स केमिकल्स के साथ तैयार किये जाते हैं, जिससे इन्हें ज्यादा इस्तेमाल करने से त्वचा को नुकसान हो सकता है। यह स्किन इन्फेक्शन, इरिटेशन के साथ कई गंभीर समस्याओं का कारण भी बन सकते हैं।

### हेयर रिमूवल क्रीम

हेयर रिमूवल क्रीम में कई केमिकल्स इस्तेमाल किये जाते हैं, जिससे बालों को जड़ों से हटाने में मदद मिलती है। इसका इस्तेमाल करने से स्किन इरिटेशन और स्किन इन्फेक्शन का खतरा हो सकता है। हेयर रिमूवल क्रीम में कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड और पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड जैसे केमिकल्स इस्तेमाल किये जाते हैं, जो स्किन इरिटेशन और पिगमेंटेशन का कारण बन सकते हैं। वहीं सेंसिटिव स्किन पर इस्तेमाल करने से रैशेज या लंबे समय तक इरिटेशन होने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### वजाइनल वॉश

मार्केट में मिलने वाले इंटीमेट वॉश आजकल काफी ट्रेंडिंग है। लेकिन वजाइना को अलग से क्लीन करने की जरूरत नहीं होती है। वजाइना में बनने वाला म्यूकस वजाइना का पीएच बैलेंस करने और इन्फेक्शन रोकने में मदद करता है। ऐसे में अगर इंटीमेट वॉश या साबुन इस्तेमाल किये जाए, तो वजाइना का म्यूकस ड्राई हो सकता है। इससे वजाइना में बैक्टीरियल और फंगल इन्फेक्शन होने का खतरा हो सकता है। वजाइना को क्लीन करने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### नेल पॉलिश

मार्केट में मिलने वाली कई नेल पॉलिश में फॉर्मेल्डिहाइड, टोल्यूनि और डिब्यूटाइल फेथलेट (डीबीपी) जैसे केमिकल्स पाए जाते हैं, जो नाखूनों के माध्यम से शरीर में जाकर हमें नुकसान करते हैं। बार-बार नेल पॉलिश इस्तेमाल से नाखून कमजोर होने लगते हैं और इससे एलर्जी भी हो सकती है।

### कॉम्पैक्ट पाउडर

मेकअप को फिक्स करने के लिए कॉम्पैक्ट पाउडर इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन इसमें मौजूद केमिकल्स स्किन इरिटेशन और स्किन इन्फेक्शन का कारण भी बन सकते हैं। कई कॉम्पैक्ट पाउडर में प्रिजर्वेटिव्स, केमिकल्स इस्तेमाल किये जाते हैं, जो स्किन की सेंसिटिविटी बढ़ाने का कारण भी बन सकते हैं। ज्यादा इस्तेमाल से यह स्किन पोर्स को बंद कर सकते हैं, जिससे एक्ने की समस्या भी हो सकती है।

### डिओडोरेंट्स

आजकल लोगों में डिओडोरेंट्स का क्रेज बहुत ज्यादा बढ़ गया है। लेकिन इसमें पाए जाने वाले एल्यूमीनियम कंपाउंड त्वचा के संक्रमण का कारण भी बन सकत है। एल्यूमीनियम स्वेट ग्लैंड को कंट्रोल करता है, जिससे कुछ देर के लिए पसीना आने से रूक जाता है। लेकिन यह केमिकल शरीर में जाकर स्तन कैंसर या अल्जाइमर जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है।



# कान से ईयर वैक्स ना निकालने पर हो सकता है संक्रमण का खतरा

हमारे कानों में एक चिपचिपा पदार्थ विकसित होता है। जिसको ईयर वैक्स कहा जाता है। बता दें कि ईयर वैक्स हमारे कानों के अंदर विकसित होता है। इसकी भूमिका हमारे कानों को फंगल, बैक्टीरिया और पानी से बचाने की होती है। साथ ही यह चिकनाई व सफाई में भी मददगार होता है। लेकिन कई बार हमारे कानों में ईयर वैक्स काफी ज्यादा मात्रा में जमा हो जाता है। जिसके कारण संक्रमण आदि का खतरा हो सकता है। या फिर सुनने की क्षमता में कमी हो सकती है। हांलाकि कुछ लोग ईयर वैक्स को साफ करने के लिए ईयरबड्स का उपयोग करते हैं, लेकिन इससे कान के पर्दे पर जोर पड़ता है, साथ ही व्यक्ति के बहरे होने का भी खतरा होता है।

**तेल :** कान को साफ करने के लिए ड्रॉपर या कॉटन बॉल के इस्तेमाल से अपने कान में थोड़ा सा तेल डाल लें। बता दें कि कान के वैक्स को नरम करने में तेल मदद करता है। जिसके बाद आप ईयरबड्स की मदद से आप कान को बिना बहुत ज्यादा पुश किए साफ कर सकते हैं। बेबी ऑयल, ऑलिव ऑयल या नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर कान में डालना चाहिए।

**ग्लिसरीन :** तेल की तरह ही ग्लिसरीन भी काम करती है। अगर आप कानों में तेल नहीं डालना चाहते हैं, तो तेल की जगह आप ग्लिसरीन की कुछ बूंदे कान में डाल सकती हैं। ग्लिसरीन की कुछ बूंदे कान के मैल को हटाने में सहायता करेंगी। इसके अलावा यह आपके कान की स्किन को भी मुलायम कर सकती है।

**गर्म पानी :** गर्म पानी से भी आप अपने कानों को साफ कर सकते हैं। गर्म पानी से कान को साफ करने के लिए एक सिरिंज या ड्रॉपर के इस्तेमाल से आप गर्म पानी या नमकीन घोल से अपने कान को सींच सकते हैं।

**हाइड्रोजन पेरोक्साइड :** अपने सिर को झुकाकर कान में ड्रॉपर की मदद से पतली हाइड्रोजन पेरोक्साइड की कुछ बूंदों को डालें। फिर एक या दो मिनट उसी स्थिति में रहें। इसके बाद सिर को दूसरी तरफ झुकाएं। ऐसा करने से लिक्विड के साथ ही ईयर वैक्स भी कान के बाहर आ सकता है।

# गट हेल्थ खराब होने पर शरीर में नजर आते हैं यह लक्षण

शरीर में कोई भी समस्या होने पर उसका असर बाहरी रूप से भी नजर आने लगता है। इसी तरह अगर आपकी गट हेल्थ ठीक नहीं, तो इसका असर भी शरीर में नजर आने लगेगा। अगर आपकी गट हेल्थ ठीक नहीं, तो आपको कोई भी चीज पचाने में परेशानी हो सकती है। इसके कारण पानी तक पचना मुश्किल हो सकता है। गट हेल्थ खराब होने पर शरीर में कई लक्षण नजर आते हैं।

**अचानक वजन बढ़ना या कम होना :** अगर आपका वजन अचानक से कम हुआ है या बढ़ा है, तो यह भी खराब गट हेल्थ का लक्षण हो सकता है। दरअसल, गट हेल्थ खराब होने पर भोजन पच नहीं पाता है, जिस कारण शरीर को खाने से पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं।

**मीठे की क्रेविंग होना :** मीठा खाने की तलब बार-बार उठना भी खराब गट हेल्थ का लक्षण सकता है। ऐसे में शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है, जो मीठे की तलब बढ़ने का कारण बन सकती है।

**ब्लोटिंग या कब्ज होना :** आंतो से जुड़ी समस्या में शरीर में कोई भी चीज पचने में परेशानी हो सकती है। इसलिए इसके कारण पाचन से जुड़ी समस्याएं जैसे कि ब्लोटिंग, डायरिया या कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**नींद आने में परेशानी :** अगर आपको ठीक से नींद नहीं आती है या सोने के बाद भी आप थकावट महसूस करते हैं, तो यह भी खराब गट हेल्थ का लक्षण हो सकता है।



**सुबह थकावट महसूस होना :** अगर आपको सुबह उठते ही थकावट और कमजोरी महसूस होती है, तो यह भी आंतो से जुड़ी समस्याओं का कारण हो सकता है। इसके कारण आपको सुबह उठते ही शरीर में थकावट या अकड़न महसूस हो सकती है।

**कमजोर इम्यूनिटी :** अगर आपको कोई भी छोटी-मोटी समस्या जल्द हो जाती है, तो यह कमजोर इम्यूनिटी का कारण हो सकता है। वहीं कमजोर इम्यूनिटी भी खराब पाचन और खराब गट का लक्षण हो सकती है।

**त्वचा से जुड़ी समस्याएं :** अगर आपको त्वचा से जुड़ी समस्याएं ज्यादा रहती हैं, तो यह भी आंतो से जुड़ी समस्याओं का कारण हो सकता है। ऐसे में आपको तुरंत ब्लड टेस्ट कराने की जरूरत हो सकती है।

**पीरियड्स अनियमित होना :** अगर आपको अक्सर अनियमित पीरियड्स की समस्या रहती है, तो आपको गट हेल्थ पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत हो सकती है। वहीं पीएमएस की समस्या भी इन्हीं में शामिल होती है।

**हेयर फॉल :** अगर आपके बाल अचानक से ज्यादा झड़ना शुरू हो गए हैं, तो यह आंतो से जुड़ी समस्याओं का कारण भी हो सकता है। ऐसे में आपको तुरंत जांच कराना चाहिए।

**बार-बार इन्फेक्शन होना :** अगर आप पेट या त्वचा से जुड़े इन्फेक्शन भी बार-बार होते रहते हैं, तो यह भी खराब गट हेल्थ का लक्षण हो सकता है।

# एचसीएल का ऐतिहासिक कदम : कोंट्रेक्टर कर्मचारियों के लिए कॉर्पोरेट वेतन तीस लाख रूपए तक का दुर्घटना बीमा पर एसबीआई बैंक से एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड एचसीएल ने ठेका कर्मियों के कल्याण और वित्तीय समावेशन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई के साथ समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता वैध अनुबंधों के तहत कार्यरत ठेका कर्मचारियों के लिए कॉर्पोरेट वेतन पैकेज समाधान के विस्तार से जुड़ा है, जो न केवल उनकी आय सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि कार्यबल स्थिरता और मानवीय व जिम्मेदार कॉर्पोरेट को भी सशक्त करेगा। केसीसी उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन एस शिवदर्शी ने बताया कि एचसीएल सीएमडी संजीव कुमार सिंह, निदेशक प्रचालन एवं अतिरिक्त प्रभार निदेशक खनन डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक मानव संसाधन आरएस संजवान, केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता के संयुक्त प्रयास से एसबीआई बैंक से एक एमओयू हस्ताक्षर हुए है जिसके चलते एचसीएल की सभी इकाईयों में कोंट्रेक्टर कर्मचारियों को दुर्घटना बीमा का लाभ दिया गया है।



उन्होंने बताया कि इस प्रकार की योजना पहले किसी भी सेक्टर में जारी नही की गई। उन्होंने बताया कि इस योजना में दस हजार रूपए मासिक वेतन पाने वाला कोंट्रेक्टर कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज स्कीम हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की सभी इकाइयों के लिए शुरू की गई है, जिसमें खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स भी शामिल है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कोंट्रेक्टर कर्मचारियों का वेतन एसबीआई बैंक खाते में जमा होनी चाहिए।

ऐसे अकाउंट होल्डर्स को अकाउंट होल्डर की मृत्यु या विकलांगता की स्थिति में एसबीआई द्वारा लाभ दिए जाते हैं। ऐसे मामलों में, महीने की सैलरी के हिसाब से 30 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक का इंश्योरेंस दिया जाएगा। इसके अलावा अकाउंट होल्डर्स को एयर एम्बुलेंस की सुविधा, टैक्स फ्री इम्पोर्टेड दवाएं, बच्चों के लिए उच्च शिक्षा, बेटी की शादी के लिए लोन और जलने के मामलों में प्लास्टिक सर्जरी का रीम्बर्समेंट 0 प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा। साथ ही परिवार के 04 सदस्यों तक को 0 बैलेंस पर बैंक अकाउंट खोलने की इजाजत, पांच लाख रुपये तक का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर, लॉकर किरा, में छूट, फ्री पासबुक अपडेट, अनलिमिटेड डिमांड ड्राफ्ट सुविधा, फ्री आरटीजीएस, नेफ्ट आदि सुविधाएं मिलेगी। एचसीएल का एसबीआई बैंक से कोंट्रेक्टर कर्मचारियों के लिए तीस लाख रूपए तक का बीमा समझौता होने पर ठेका कामगारों में खुशी की लहर दौड़ गई।

ठेकाकर्मियों ने एचसीएल सीएमडी संजीव कुमार सिंह, डायरेक्टर ऑपरेशन एवं डायरेक्टर खनन अतिरिक्त प्रभार डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता का आभार प्रकट किया।

## पालिका में नए ईओ ने संभाला कार्यभार



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार मेड़ता रोड नगरपालिका के ईओ हरेंद्र चौधरी को सौंपा गया है। शुक्रवार शाम को उन्होंने नगर पालिका लाडनूं में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन रावत खान, लीगल एडवाइजर एडवोकेट गोविंद सिंह, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी नन्द किशोर चौधरी, कनिष्ठ लेखाकार राजेंद्र पंवार सहित नगर पालिका के कर्मचारियों ने साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद ईण्ओ हरेंद्र चौधरी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ करने का भरोसा दिलाया। एडवोकेट गोविंद सिंह ने कहा कि नए ईओ से आमजन को उम्मीदें हैं। उन्होंने आमजन की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान करने की उम्मीद जताई। नगर पालिका में नए ईओ के अतिरिक्त कार्यभार संभालने से प्रशासनिक कार्यों में गति आने की उम्मीद जगी है। इस अवसर पर पार्षद राजेश शर्मा, एसआई रामचंद्र पुनिया, अनिल चौधरी, ओमप्रकाश मोहिल, वेदप्रकाश, बाबूलाल ठोलिया, इकबाल आदि मौजूद रहे।


## दिव्यांग उपकरण वितरण को लेकर बैठक आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** शिवप्रसाद मन्नी देवी चौधरी ट्रस्ट के तत्वावधान में सार्वजनिक औषधालय समिति श्रीमाधोपुर, जिला प्रशासन व भगवान श्रीमहावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सहयोग से स्टेशन रोड स्थित खंडेलवाल वैश्य पटवारी धर्मशाला में 16 से 18 जनवरी तक लगने वाले दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर को लेकर बैठक हुई। भामाशाह बाबूलाल चौधरी ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों को नि:शुल्क ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कृत्रिम पैर जयपुर फुट, कृत्रिम हाथ, बैसाखी, कैलिपर, वाकर, कान की मशीन, स्टिक वितरण किए जाएंगे। जरूरतमंद नि:शक्तजन अपने साथ पासपोर्ट साईज चार फोटो, विशेष योग्य चिकित्सा प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, जन आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र की फोटो कॉपी साथ लेकर आवे।

## एडवोकेट रैगर ने एआईबीई-20 एक्जाम किया उत्तीर्ण

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** एआईबीई-20 एक्जाम के 8 जनवरी को जारी हुए रिजल्ट में एडवोकेट त्रिलोक रैगर ने एआईबीई-20 एक्जाम को उत्तीर्ण किया। एडवोकेट त्रिलोक रैगर ने बताया कि यह कानून स्नातकों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की प्रमाणन परीक्षा है, जिसे बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया जाता है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद, अधिवक्ता को प्रैक्टिस का प्रमाणपत्र मिलता है। जो उन्हें पूरे भारत में अदालतों और न्यायाधिकरणों में कानून का अभ्यास करने की अनुमति देता है। एडवोकेट त्रिलोक रैगर नगरपालिका मंडल तारानगर के उपनेता प्रतिपक्ष और वार्ड नंबर 21 के भाजपा से पार्षद है।

## घर-घर सत्यापन से मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर जोर : डॉ. समित शर्मा

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में रोल ऑब्जर्वर एवं झुंझुनू जिले के प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा ने शुक्रवार को नवलगढ़ का दौरा कर नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर कार्यों की समीक्षा की। डॉ. शर्मा ने नवलगढ़ उपखंड कार्यालय में अधिकारियों से एसआईआर के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन एवं सत्यापन की प्रक्रिया को



फील्ड स्तर पर प्रभावी ढ़ंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। सभी बूथों पर बीएलओ के माध्यम से घर.घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। प्रभारी सचिव ने कहा कि निर्वाचन आयोग की स्पष्ट मंशा है कि मतदाता सूची में कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल न हो और कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं मजबूत बनाया जा सके। दौरे के दौरान डॉ. शर्मा ने नवलगढ़ एसडीएम कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की। उन्होंने एसआईआर कार्य को लेकर दलों से फीडबैक लिया तथा उनके द्वारा प्रस्तुत दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजनीतिक दलों द्वारा उठाई गई आपत्तियों का समयबद्ध एवं नियमानुसार निस्तारण किया जाए। डॉ. शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची संशोधन कार्य में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोपरि होनी चाहिए। फील्ड स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान नवलगढ़ एसडीएम कुलदीप, झुंझुनू एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेवा वही है जिसमें सबका हित हो : चितरंजनदास महाराज



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में भाईजी हनुमानप्रसाद पोद्दार के नोहरे में संत चितरंजनदास महाराज ने प्रात:काल और पद रत्नाकर के सामूहिक पदगान के दौरान धर्म प्रवचन देते हुए कहा कि हम यहां के नहीं है, इस संसार में कुछ समय के लिए आए हैं, सदा के लिए नहीं। यह शरीर हमें कुछ समय के लिए मिला है। जीवन का प्रत्येक क्षण प्रतिपल काम होता जा रहा है। धर्म चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि साथ रहने वाला एक भगवान का भजन ही है जो सदा साथ रहेगा, बाकी संसार के सभी पदार्थ परिवर्तनशील है। हम परिस्थिति को तो परिवर्तन नहीं कर सकते पर स्थिति को तो परिवर्तन कर सकते हैं। धर्म प्रवचन के अवसर पर श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## अवैध खनन के विरुद्ध ग्रामीणों का धरना जारी



निसं

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** ग्राम हुकुमपुरा, बामलास, खेदड़ों की ढ़ाणी एवं खरबासों की ढ़ाणी में जारी अवैध खनन के विरुद्ध ग्रामीणों का 12 वे दिन भी धरना जारी है। धरना स्थल से मरुसेना फाउंडेशन के एडवोकेट जयन्त मूंड ने कहा कि हम 12 दिनों से ग्रामीण संग धरने पर बैठे है लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी एवं खनन अधिकारी इसको लेकर कोई एक्शन नही ले रहा। सब खनन माफियाओं से मिले हुए है। इस इलाके में बडे पैमाने पर खनन अवैध किया जा रहा है। इन आवंटित लीजों के लिए पर्यावरण स्वीकृतिएवन स्वीकृति एवं अन्य वैधानिक स्वीकृतियों में बड़ी गड़बड़ झाल है। यदि इनका भौतिक सत्यापन किया जाए तो बहुत बड़ा घोटाला उजागर होगा। हम हमारा संघर्ष जारी रखेंगे चाहे हमें कितने भी समय लगे। स्थानीय प्रशासन हठधर्मिता पर है तो हम भी इस प्रशासन को हमारी ताकत दिखा देंगे। धरने पर मौजूद कैप्टेन विनोद सिंह ने कहा कि झुंझुनू के खनिज अधिकारी इस भ्रष्टाचार में लिप्त है, इन लीजों की सही जांच होगी तो कई अधिकारी नप जाएंगे और बड़ा खुलासा होगा। हमारा आंदोलन निरन्तर जारी रहेगा। इसके लिए बड़े आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है। इस धरने में पूर्व सरपंच दारासिंह मेघवंशी, पूर्व जिला परिषद सदस्य वीरेन्द्र सिंह, एबीवीपी अध्यक्ष गुढ़ा गणेश सैन, युवा नेता प्रदीप यादव कॉमरेड हरिराम सीथल, सूबेदार गिरधर सिंह, सवाई सिंह, सूबेदार महादेव सिंह, लीलाधर मीणा, मुकेश जांगिड़, रामजीलाल सोहु, मनोज शर्मा, संदीप शर्मा, मोनम कुमावत, अब्दुल कायमखानी, नवीन, प्रदीप यादव, इंस्पेक्टर बीरबल राम, कजोड़मल, भादर बिजारणियां, नरेश सिंह, लीलाराम, पूरन मीणा, बनवारी लाल, आनंद सिंह, लालचंद मीणा, मुकेश सोहु, सुरेश खेदड़, रघुवीर बिजारणियां, सुरेन्द्र सिंह, कैप्टन उम्मेद सिंह, पूरन कांटीवाल, अशोक शर्मा, शिमला देवी, जीवनी देवी, सिलोचना देवी, सुमन देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पौष बड़ा महोत्सव एवं हनुमान चालीसा पाठ कल

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** ओम टंकेश्वर महादेव मंदिर वार्ड नंबर 11 बिज्यावाली श्रीमाधोपुर में 11 जनवरी रविवार को श्याम 5 बजे से पौषबड़ा महोत्सव और शाम 7 बजे से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शिव भक्त अजय कुमार सैनी ने बताया कि सभी श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाए।

## वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के बीमा परिपक्वता दावे होंगे ऑनलाइन

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत्त होने वाले राज्य कर्मचारियों के राज्य बीमा पॉलिसी के परिपक्वता दावों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग की संयुक्त निदेशक योगबाला सुंडा द्वारा जिले के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन कार्मिकों की जन्मतिथि 01 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 के मध्य है, एलोपैथी चिकित्सा अधिकारियों की जन्मतिथि 01 अप्रैल 1964 से 31 मार्च 1965 तथा एलोपैथी प्रोफेसर की जन्मतिथि 01 अप्रैल 1961 से 31 मार्च 1962 के बीच है, उनकी राज्य बीमा पॉलिसी 31 मार्च 2026 को परिपक्व हो जाएगी। ऐसे कार्मिकों का प्रीमियम कटौती 25 जनवरी 2026 तक की जाएगी, जिसके बाद बीमा कटौती बंद कर दी जाएगी। निर्देशों के अनुसार सभी आहरण वितरण अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्मिकों के राज्य बीमा क्लेम 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 के बीच ऑनलाइन कर भिजवाना सुनिश्चित करेंगे। ऑनलाइन क्लेम से पूर्व आईएफएमएस 3.0 पोर्टल पर कार्मिकों का बैंक खाता नंबर एवं आईएफएससी कोड अपडेट करना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी कर्मचारियों के आहरण वितरण अधिकारी द्वारा सत्यापित एवं मुहरबंद बीमा पुस्तिका, परिपक्वता विवरण पत्र, कार्मिक का मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी स्कैन कर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के बीमा दावों का भुगतान समय पर किया जा सके और 01 अप्रैल 2026 को भुगतान हेतु प्रकरण कोष कार्यालय भेजा जा सके।

## विश्वविद्यालय मेरिट सूची में बीकेबीआईईटी का परचम, गोल्ड मेडल सहित अनेक शीर्ष रैंक हासिल

निसं

**पिलानी (नवयत्न)।** बीके बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने विश्वविद्यालय परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से घोषित मेरिट लिस्ट में विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं में बीकेबीआईईटी छात्रों द्वारा प्राप्त शीर्ष रैंकों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में गोल्ड मेडल अर्जित करना संस्थान के लिए विशेष उपलब्धि है जो शैक्षणिक गुणवत्ता एवं निरंतर परिश्रम का सशक्त प्रमाण है। संस्थान निदेशक प्रोफेसर बीके राउत ने बताया कि राहुल बंगरवा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड





कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में 9.71 सीजीपीए के साथ, पलक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 9.28 सीजीपीए के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके साथ ही बीकेबीआईईटी के छात्रों ने अनेक शाखाओं में उल्लेखनीय मेरिट स्थान प्राप्त किए जिसमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग में छात्रों ने द्वितीय एवं षष्ठ स्थान हासिल किया। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में छात्रों ने प्रथम, पंचम, षष्ठ, सप्तम एवं नवम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय मेरिट सूची में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में छात्रों ने षष्ठ एवं सप्तम स्थान, जबकि कंप्यूटर साइंस में दशम स्थान प्राप्त किया। डेटा साइंस कार्यक्रम में भी छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जहाँ द्वितीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठ स्थान अर्जित किए गए। विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शाखा में छात्रों ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। पूर्व में भी बीकेबीआईईटी पिलानी संस्थान ने विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम में गोल्ड मेडल और मेरिट दिए हैं। इस सफलता पर संस्थान के निदेशक प्रो. बीके राउत एवं प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके परिवार के सदस्य और शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि बीकेबीआईईटी के मजबूत शैक्षणिक वातावरण, समर्पित संकाय सदस्यों एवं छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। विश्वविद्यालय स्तर पर प्राप्त ये रैंक संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रतिष्ठा को और अधिक सुदृढ़ करती हैं।

## बीच सत्र में हुए गलत तबादलों को लेकर संस्कृत शिक्षकों में भारी रोष

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** संस्कृत शिक्षा विभाग में हाल ही मंगलवार को प्रधानाचार्य, प्राध्यापक एवं वरिष्ठ अध्यापकों के द्वेषतापूर्ण एवं बदले की भावना से शिक्षकों को जिला एवं सम्भाग बदर कर किये गए तबादलों को लेकर राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक ने गहरा आक्रोश जताते हुए सरकार से शिक्षकों को तबादलों के नाम पर प्रताड़ित करना बन्द करने की बात कही है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया कि विभाग द्वारा जारी तबादला सूचियों में दिव्यांग शिक्षक, संगठन के शीर्ष नेतृत्व, गम्भीर रोगी पुरस्कृत शिक्षक, सेवानिवृत्ति के नजदीक एवं महिला शिक्षक को नजदीकी रिक्त पद होने के बावजूद प्रताड़ित करने के उद्देश्य से बीच सत्र में 55 किमी से लेकर 700 किमी दूर तक स्थानांतरित किया गया है। जिसको लेकर प्रदेशभर के संस्कृत शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। तिवाड़ी ने यह भी बताया कि वरिष्ठ अध्यापक तबादला सूची में क्रम संख्या 43 दोनों किडनी खराब को 55 किमी हनुमानगढ़ 161,143,207,232, 236, 240 क्रमश: दिव्यांग शिक्षक, पुरस्कृत शिक्षक शीर्ष नेतृत्व, पुरस्कृत एवं ओपन हार्ट सर्जरी, महिला शिक्षिका, हार्ट रोगी सेवानिवृत्ति के नजदीक, उदर रोगी एवं शीर्ष नेतृत्व को 120 से 300 किमी से भी दूर, 256 पर घटिया रोगी एवं सेवानिवृत्ति के नजदीक को 270 किमी टोंक, 49 को 460 किमी बालोतरा एवं 6 को दौसा से बाड़मेर 700 किमी दूर लगाया है। वहीं प्राध्यापक सूची में क्रम 27 पुरस्कृत शिक्षक को बीकानेर, 52 को दौसा से भरतपुर 200 किमी दूर लगाया है। ऐसे ओर भी प्रकरण हैं। तबादला प्रताड़ना का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि तबादला आदेश पर कोर्ट स्टे हो जाने के बावजूद सेवानिवृत्ति के नजदीक महिला कार्मिक को विद्यालय में पुन: कार्यारम्भ करने के आदेश के लिए पिछले कई दिनों से निदेशालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सरकार और विभाग तबादलों के दम पर यदि संगठन व शिक्षकों की आवाज को दबाना चाहती है तो यह उसकी भूल है। सरकार और विभाग के हर गलत निर्णय का संगठन ने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया है ओर आगे भी करता रहेगा। प्रदेश महामंत्री दयालसिंह काजला ने बताया कि शीघ्र ही सरकार एवं विभाग को तबादलों से पीड़ित शिक्षकों के तबादले निरस्त करने या निकटतम विद्यालय में लगाने की मांग का पत्र प्रेषित किया जाएगा।

## गोपालकों को ऊनी वस्त्र वितरित

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** बाबा सुंदरदास गोपाल गौशाला जाखल में शुक्रवार को कार्यरत गोपालकों व मजदूरों को सर्दी से राहत प्रदान करने हेतु ऊनी वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए गोपालकों को कंबल, ऊनी कपड़े, जूते, जुराब एवं टोपे वितरित किए गए ताकि वे सर्दी से सुरक्षित रहकर गौसेवा का कार्य निरंतर कर



सकें। उन्होंने कहा कि गोशाला में दिनरात गौमाताओं की सेवा में लगे गोपालक समाज की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा का ध्यान रखना हम सभी का दायित्व है। यह पहल सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का एक छोटा सा प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने इस कार्य की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने की बात कही।

## चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

चेहरे के अनचाहे बाल चेहरे की खूबसूरती को कम करते हैं। आप पार्लर जाकर भी चेहरे के अनचाहे बाल हटवाते होंगे। लेकिन कई बार इतना समय नहीं रहता कि पार्लर जाया जा सके। ऐसे में हम कुछ ऐसे घरेलू उपाय लेकर आए हैं, जिन्हें अपनाकर चेहरे के अनचाहे बालों को आसानी से हटाया जा सकता है। ये घरेलू उपाय अपनाकर चेहरे के बालों की ग्रोथ भी कम होगी, जिस कारण जल्दी जल्दी चेहरे पर बाल नहीं आएंगे। इनके इस्तेमाल से आप केमिकलयुक्त चीजों के उपयोग से बच जाएंगे।



### चीनी, नींबू और शहद

चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए 1 चम्मच चीनी लें, 1 चम्मच शहद और नींबू का रस लें। इन तीनों को अच्छे से मिलाने के लिए पानी भी डाल सकते हैं। अब इन तीनों सामग्री को तब तक पकाएं जब तक एक गाढ़ी चाशनी तैयार न हो जाए। जब ये मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसे वैक्सिंग स्ट्रिप या एक सूती कपड़े की मदद से बालों को हटाने के लिए विपरीत दिशा में लगाते हुए फैलाएं। इसको करने के बाद कई बार त्वचा ड्राई हो सकती है। इससे बचने के लिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।

### पपीता और हल्दी

चेहरे के अनचाहे बाल हटाने के लिए पपीते का पेस्ट बनाएं और इसमें 2-3 चुटकी हल्दी मिलाएं। अब इस मिश्रण को 5 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। चेहरे को साफ करके इस पेस्ट को चेहरे को गर्दन के आसपास लगाएं। जब पेस्ट सूख जाए तो गीले हाथों से इस पेस्ट को हटाने की कोशिश करें। हल्दी के इस्तेमाल से आपकी त्वचा में भी निखार आएगा।

### केला और ओट्स

ओट्स को पीसकर बारीक पाउडर मिला लें। अब इस मिश्रण में केला मिक्स करें। चेहरे पर 15 मिनट तक इस मिश्रण को लगा रहने दें। 15 मिनट बाद गीले हाथ करके इस मिश्रण को हल्के हाथ से रगड़ें। ये पेस्ट चेहरे को मॉइस्चराइज भी करेगा।

### बेसन और हल्दी

बेसन और हल्दी त्वचा में निखार लाने का काम भी करते हैं। इनको इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच बेसन में कुछ चुटकी हल्दी की मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे के उस हिस्से पर लगाएं जहां बाल ज्यादा हैं। नियमित रुप से चेहरे पर इसके इस्तेमाल से चेहरे के बाल हट जाते हैं।

### जौ का आटा और दूध

जौ का आटे और दूध को चेहरे पर लगाने के लिए एक बड़े चम्मच जौ के आटा में एक चम्मच दूध और नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं। इन तीनों को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। 15 से 20 मिनट के चेहरे पर ये मिश्रण को लगा रहने दें। चेहरे पर से पेस्ट सूखने के बाद स्किन को हल्के गुनगुने पानी से वॉश करें।

## गुलकंद से घटाएं वजन इन तरीकों से करें सेवन

गुलकंद का नाम सुनते ही सबसे पहले हमें पान की मिठास याद आ जाती है। लेकिन पान के अलावा गुलकंद का इस्तेमाल कई अन्य चीजों में किया जाता है। शरीर के लिए गुलकंद काफी हेल्दी माना जाता है। यह आपके मूड को फ्रेश करने के साथ-साथ कई तरह की परेशानियों को दूर कर सकता है। गुलकंद में नैचुरल रूप से शीतलक गुण पाया जाता है, जो आपकी नींद को बेहतर कर सकता है। अगर आप वजन कम करने के दौरान गुलकंद का सेवन करना चाहते हैं तो कई तरह से इसका सेवन कर सकते हैं। वेट लॉस जर्नी के दौरान गुलकंद का सेवन करने से मीठा खाने की इच्छा कम होती है, जिससे कई तरह की समस्याओं को कम किया जा सकता है।



### दूध के साथ गुलकंद

दूध के साथ गुलकंद का सेवन वजन कम करने में प्रभावी हो सकता है। खासतौर पर रात में सोने से पहले पहले 1 गिलास दूध के साथ चीनी या फिर कोई अन्य चीजों के अलावा गुलकंद का सेवन करें। यह आपकी नींद को बेहतर करता है। साथ ही पाचन में भी सुधार लाता है, जिससे वजन कम हो सकता है।

### गर्म पानी के साथ गुलकंद

दिन के समय गर्म पानी के साथ गुलकंद का सेवन किया जा सकता है। गर्म पानी के साथ गुलकंद का सेवन करने से वजन कम हो सकता है। इसके लिए दिन में कम से कम 2 बार गर्म पानी के साथ गुलकंद लें। इससे आप ओवरईटिंग से बचेंगे, साथ ही अगर आपको मीठा खाने की इच्छा ज्यादा होती है, तो यह आपकी मीठे खाने की क्रेविंग्स को कम कर सकता है।

### लस्सी के साथ गुलकंद

लस्सी में अगर आप काफी ज्यादा चीनी डालकर गुलकंद का सेवन करते हैं तो यह आपके शरीर का वजन बढ़ा सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि लस्सी में चीनी के बजाय गुलकंद डालकर इसका सेवन करें। इससे आप ज्यादा मीठा खाने से बचेंगे। इससे आपको वजन भी कम होगा।

### प्रोटीन लड्डू के साथ

प्रोटीन बार या फिर लड्डू बनाने के दौरान गुलकंद का यूज करें। यह काफी बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपके शरीर का वजन कम होगा। साथ ही आपको मीठा खाने की क्रेविंग कम होगी।

### इलायची के साथ

गुलकंद और इलायची के सेवन से भी आपके शरीर का वजन कम हो सकता है। यह आपके लिए माउथ फ्रेशनर की तरह कार्य करता है। साथ ही ओवरईटिंग से भी बचाव कर सकता है। इससे वजन कम होने में मदद मिल सकती है।

# सफेद बालों की समस्या दूर करेंगी इमली की पत्तियां

बढ़ती उम्र के साथ सफेद बालों की समस्या होना काफी आम है, लेकिन इन दिनों लोग कम उम्र में सफेद बालों की समस्या से जूझ रहे हैं। इसका कारण बढ़ता स्ट्रेस, धूल-मिट्टी, प्रदूषण, गलत खानपान इत्यादि है। अगर आप भी सफेद बालों की समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपके लिए इमली की पत्तियां काफी प्रभावी हो सकती हैं। इमली की पत्तियों में कलरिंग एजेंट पाया जाता है। इसके अलावा इसमें विटामिन सी और कई अन्य तरह के मिनरल्स पाए जाते हैं, जो सफेद बालों की समस्या को दूर कर सकते हैं।



### इमली की पत्तियों का स्प्रे

सफेद बालों की परेशानी दूर करने के लिए इमली की पत्तियों से तैयार स्प्रे रोजाना बालों में लगाएं। इससे बहुत ही जल्द सफेद बालों की समस्या को कम की जा सकती है। इमली की पत्तियों से स्प्रे तैयार करने के लिए सबसे पहले इमली की पत्तियों को 2 कप पानी में उबाल लें। इसके बाद इसमें 2 चम्मच आंवला पाउडर डालें और पूरी रात के लिए छोड़ दें। सुबह इस पानी को छान लें और एक स्प्रे बोतल में भरकर रख दें। इस स्प्रे को नहाने से पहले अपने बालों पर करीब 30 मिनट के लिए लगाकर थोड़ें। इससे कुछ ही दिनों में सफेद बालों की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

### इमली की पत्तियां और आंवला

आंवला और इमली की पत्तियों का बालों पर इस्तेमाल करने से सफेद बालों की समस्या कम की जा सकती है। इसका इस्तेमाल करने के लिए दो ताजे आंवला लें। इसके बाद इसे इमली की पत्तियों में पीस लें। अब इसे अपने बालों पर लगाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। बाद में नॉर्मल पानी से बालों को धो लें। ध्यान रखें कि आपको पूरे दिन शैंपू का इस्तेमाल नहीं करना है। अगले दिन आप बालों में शैंपू लगाएं। इससे सफेद बालों की परेशानी कुछ समय में कम हो सकती है।

### इमली की पत्तियां और दही

दही और इमली की पत्तियों से सफेद बालों की समस्या कम की जा सकती है। इसका इस्तेमाल करने के लिए इमली की पत्तियों को दही में डालकर इसे ग्राइंड कर लें। इसके बाद इसे अपने बालों पर लगाएं और करीब 1 घंटे के लिए छोड़ दें। रोजाना इस तरह हेयर पैक यूज करने से सफेद बालों की समस्या दूर होगी।

### इमली की पत्तियां और मेथी दाना

मेथी दाना और इमली की पत्तियां बालों के लिए काफी अच्छी साबित हो सकती हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए मेथी दाना को रातभर पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इसमें से मेथी निकाल लें और इसके साथ इमली की कुछ पत्तियों को डालकर पीस लें। अब इस पेस्ट को अपने बालों पर लगाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। बाद में नॉर्मल पानी से बालों को धो लें। इससे सफेद बालों की परेशानी कम हो सकती है।

# कई बीमारियों के संकेत देता है जरूरत से ज्यादा पसीना आना, ना करें इसे नजरअंदाज

पसीना आना शरीर की एक सामान्य क्रिया है। जब शरीर का तापमान बढ़ता है तो ऐसे शरीर खुद को कूल डाउन करने के लिए पसीने को निकालता है। कभी-कभी भारी पसीना आना सामान्य होता है। गर्मी व उमस के मौसम में हर व्यक्ति पसीने के कारण परेशान होता है। इतना ही नहीं, कुछ खास स्थितियों में जैसे एक्सरसाइज करते समय, धूप में घूमते समय व्यक्ति को पसीना आता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि शरीर का तापमान बढ़ जाता है। वहीं, महिलाओं को मेनोपॉज के कारण भी अक्सर बहुत अधिक पसीना आता है।



लेकिन, अगर इन स्थितियों के अलावा भी आपको हमेशा ही पसीना आता है। यहां तक कि आपको अपने साथ तौलिया रखने की जरूरत महसूस होती है तो आपको इसे थोड़ा सीरियसली लेना चाहिए। आवश्यकता से अधिक पसीना आना इस बात का संकेत है कि आपके शरीर के भीतर कुछ गड़बड़ है और आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अतिरिक्त सतर्क होने की आवश्यकता है।

**डायबिटीजहाइपोग्लाइसीमिया :** मधुमेह हाइपोग्लाइसीमिया तब होता है जब मधुमेह पीड़ित व्यक्ति के रक्त में पर्याप्त शर्करा अर्थात् ग्लूकोज नहीं बनता है। ग्लूकोज शरीर और मस्तिष्क के लिए ईंधन का मुख्य स्रोत है, ऐसे में अगर यह पर्याप्त मात्रा में नहीं है तो इससे आपके शरीर की कार्यप्रणाली सही तरह से काम नहीं करती है। जिन व्यक्ति को यह समस्या होती है, उन्हें आवश्यकता से अधिक पसीना आता है। यहां तक कि रात में पसीने के कारण चादरें या कपड़े भी नम हो जाते हैं। हालांकि, ऐसे लोगों को बुरे सपने, जागने पर थकान, चिड़चिड़ापन या भ्रम की स्थिति का सामना भी करना पड़ सकता है।

**हाइपरथायरायडिज्म :** हाइपरथायरायडिज्म तब होता है जब आपकी थायरॉयड ग्रंथि बहुत अधिक हार्मोन थायरोक्सिन का उत्पादन करती है। हाइपरथायरायडिज्म आपके शरीर के चयापचय को तेज कर सकता है, जिससे अनजाने में वजन कम हो सकता है और दिल की धड़कन तेज या अनियमित हो सकती है। जब व्यक्ति हाइपरथायरायडिज्म से पीड़ित होता है तो ऐसे में व्यक्ति को वेट लॉस के अलावा हीट के प्रति सेंसेटिविटी भी बढ़ सकती है। इतना ही नहीं, व्यक्ति को बहुत पसीना भी आता है और भूख भी बढ़ती है।

**ल्यूकेमिया :** ल्यूकेमिया शरीर के रक्त बनाने वाले ऊतकों का कैंसर है, जिसमें बोन-मैरो और लसीका तंत्र शामिल हैं। ल्यूकेमिया में आमतौर पर सफेद रक्त कोशिकाएं शामिल होती हैं। आपकी श्वेत रक्त कोशिकाएं शक्तिशाली संक्रमण से लड़ने वाली हैं, वे सामान्य रूप से बढ़ती हैं और एक व्यवस्थित तरीके से विभाजित होती हैं, क्योंकि आपके शरीर को उनकी आवश्यकता होती है। लेकिन ल्यूकेमिया वाले लोगों में, बोन मैरो अत्यधिक मात्रा में असामान्य सफेद रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करती है, जो ठीक से काम नहीं करती हैं। जब व्यक्ति ल्यूकेमिया से पीड़ित होता है तो उसे कई लक्षण नजर आ सकते हैं, जिसमें व्यक्ति को रात के समय आवश्यकता से अधिक पसीना आता है। इसके अलावा, उसे हड्डियों में दर्द होना, वजन कम होना, कमजोरी, थकान होना, बुखार व लगातार इंफेक्शन होने की समस्या भी हो सकती है।

**मेनोपॉज :** मेनोपॉज वह समय है जब महिला का पीरियड साइकल खत्म होने लगता है। मेनोपॉज का पीरियड हर महिला के लिए अलग होता है, लेकिन औसतन यह महिला में 40 या 50 के दशक में हो सकती है। यह एक नेचुरल बायोलॉजिक प्रोसेस है और इस दौरान महिला को अपने शरीर में कई बदलाव नजर आते हैं। इस अवस्था में हॉट फ्लैशेज की समस्या होती है और महिला को बहुत अधिक पसीना आता है।

## काला गोंद खाने से सेहत को मिल सकते हैं ये फायदे



अधिकतर लोग काले गोंद का सेवन करते हैं। लेकिन कई लोग काले गोंद के बारे में जानते भी नहीं है। दरअसल, कुछ पेड़ों के तनों से नैचुरल रूप से रस निकलता है। यह रस चिपचिपा होता है, फिर जब यह रस निकलता है तो सूख जाता है। इस सूखे और जमे हुए रस को ही गोंद कहा जाता है।

**वजन घटाए काला गोंद :** अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में काला गोंद शामिल कर सकते हैं। काला गोंद खाने से बॉडी फैट बर्न होता है। इससे मोटापा घटाया जा सकता है। दरअसल, काले गोंद में फाइबर अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में काला गोंद खाने के बाद लंबे समय तक भूख नहीं लगती है। इससे मोटापा कम हो सकता है।

**डायबिटीज में फायदेमंद :** अगर आपको डायबिटीज है, तो भी आप काले गोंद का सेवन कर सकते हैं। डायबिटीज की स्थिति में शुगर लेवल बढ़ जाता है। ऐसे में अगर काले गोंद का सेवन किया जाता है, तो यह शुगर लेवल को कंट्रोल रखता है। साथ ही काला गोंद खाने से खराब कोलेस्ट्रॉल लेवल भी कम होने में मदद मिलती है।

**पेट की समस्याएं दूर करे :** अगर आपको पेट से जुड़ी कोई भी समस्या है, तो आप काले गोंद का सेवन कर सकते हैं। काला गोंद लेने से पेट से संबंधित समस्याएं, जैसे-गैस, अपच और एसिडिटी से आराम मिलता है। पेट की समस्याओं को दूर करने के लिए आप गोंद के पाउडर को दही के साथ मिलाकर ले सकते हैं। इससे पेट दर्द और ऐंठन की समस्या में भी आराम मिलेगा।

**त्वचा के लिए उपयोगी :** काला गोंद त्वचा के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है। काले गोंद में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जो त्वचा की समस्याओं जैसे-एग्जिमा, दाग-धब्बे, एक्ने की समस्या में आराम मिलता है।

## दिन की शुरुआत में भीगे हुए नट्स खाने से मिलते हैं कई फायदे

नट्स खाना सेहत के लिए बेहद ही लाभकारी माना गया है। इनमें केवल विटामिन या मिनरल्स ही नहीं होते हैं, बल्कि ओमेगा -3 फैटी एसिड भी होता है। जब लोग इसका सेवन करते हैं तो इससे ना केवल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है, बल्कि यह अनियमित दिल की धड़कन को बेहतर बनाने और दिल के दौरे को रोकने में मदद करता है। इसके अलावा, नट्स का सेवन रक्त शर्करा का प्रबंधन करने और हमें कई तरह की लाइफस्टाइल बीमारियों से भी बचाने में मदद करते हैं। यूं तो नट्स के सेवन के कई फायदे होते हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी होता है कि आप इनका सही तरह से सेवन करें। मसलन, आमतौर पर दिन की शुरुआत भीगे हुए नट्स से करने की सलाह दी जाती है। जब नट्स को भिगोकर खाया जाता है, तो वह पाचन और पोषण अवशोषण में मदद कर सकते हैं। इतना ही नहीं, दिन में सबसे पहले भीगे हुए नट्स खाने से अन्य भी कई लाभ मिलते हैं।



### हेल्दी तरीके से होती है दिन की शुरुआत

दिन की शुरुआत में भीगे हुए नट्स खाने से आपको एक किक स्टार्ट मिलता है। जब आप नट्स को भिगोते हैं, तो आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम और जिंक जैसे आवश्यक खनिज शरीर द्वारा बेहतर अवशोषित होते हैं। इनमें फाइबर अधिक होता है। ये फाइबर हमारे शरीर में अच्छे बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ाकर हमारे पाचन तंत्र के सामान्य स्वास्थ्य में मदद करते हैं।

### शरीर को मिलती है ऊर्जा

जब आप सुबह उठते हैं तो हमेशा ऐसा कुछ खाने की सलाह दी जाती है, जो आपके शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद करे। ऐसे में भीगे हुए नट्स को खाना लाभदायक हो सकता है। यह ऊर्जा का एक अच्छा स्त्रोत माने जाते है और आपके हार्मोनल स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं।

### वजन कम करने में सहायक

अगर आप हेल्दी तरीके से वजन कम करना चाहती हैं तो ऐसे में आपको दिन की शुरुआत में भीगे हुए नट्स खाने पर विचार करना चाहिए। कई अध्ययनों से भी यह पता चलता है कि सुबह सबसे पहले नट्स खाने से लोगों को वजन कम करने में मदद मिल सकती है। अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको दिन की शुरुआत में भीगे हुए अखरोट को खाना चाहिए।

### मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक

मधुमेह रोगियों को भी दिन की शुरुआत में भीगे हुए नट्स खाने चाहिए। नट्स में रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने की क्षमता होती है और इसलिए, यह मधुमेह रोगियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है।

## शरीर में यूरिक एसिड बढ़ाती हैं ये गलतियां, बढ़ता है गठिया का खतरा

हमारे शरीर में हर रसायन की एक निश्चित मात्रा होती है। जब इन रसायनों की मात्रा बढ़ती या कम होती है, तो कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही यूरिक एसिड के साथ भी होता है। शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने पर जोड़ों में दर्द, हाई ब्लड प्रेशर और उठने-बैठने में दिक्कत महसूस हो सकती है। दरअसल, यूरिक एसिड ब्लड में पाया जाता है। वैसे तो यूरिक एसिड कुछ खास खाद्य पदार्थों को खाने से बढ़ सकता है। लेकिन कुछ स्थितियों में आपकी गलतियों की वजह से भी यूरिक एसिड बढ़ सकता है।

**मोटापा :** मोटापा यूरिक एसिड बढ़ने का एक मुख्य कारण हो सकता है। अगर आपका वजन कंट्रोल में नहीं रहता है, तो आपको दिक्कत हो सकती है। बढ़ा हुआ वजन आपकी कई समस्याओं का कारण बन सकता है। मोटे लोगों में यूरिक एसिड बढ़ने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए अपने वजन को कंट्रोल में रखना बहुत जरूरी होता है।



**नॉनवेज :** वैसे तो नॉनवेज को हेल्थ के लिए काफी अच्छा माना गया है। लेकिन अगर नॉनवेज का अधिक मात्रा में सेवन किया जाता है, तो इससे शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ सकता है। जिन लोगों के शरीर में पहले से ही यूरिक एसिड बढ़ा हुआ है, उन्हें नॉनवेज का सेवन करने से बचना चाहिए। दरअसल, नॉनवेज में प्यूरीन की मात्रा अधिक पाई जाती है, इससे यूरिक एसिड बढ़ सकता है और आपको दिक्कत महसूस हो सकती है।

**शराब या सिगरेट :** शराब और सिगरेट दोनों ही सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं। अगर आप रोजाना शराब और सिगरेट पीते हैं, तो इससे आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ सकती है। दरअसल, शराब पीने से बॉडी डिहाइड्रेट हो जाती है और ऐसे में शरीर से टॉक्सिंस बाहर नहीं निकल पाते हैं। जब शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर नहीं निकलते हैं, तो जोड़ों में दर्द की समस्या होने लगती है। इसलिए आपको आज से ही शराब पीना बंद कर देना चाहिए।

**दही :** कई लोग रोजाना दही का सेवन करते हैं। आयुर्वेद के अनुसार खट्टी दही खाने से शरीर में यूरिक एसिड बढ़ सकता है। इसलिए जिन लोगों को जोड़ों में दर्द रहता है, उन्हें खट्टी दही से पूरी तरह से परहेज करना चाहिए। इसके अलावा खट्टे फलों और अन्य खट्टी चीजों के सेवन करने से भी बचना चाहिए। भले ही खट्टे फलों में पोषक तत्व भरपूर होते हैं, लेकिन ये यूरिक एसिड को बढ़ा सकते हैं।

## वजन घटाने के लिए डाइट में शामिल करें ये चटपटे रायता

वजन कम करने के लिए कई बार लोग बेस्वाद चीजें खाना शुरू कर देते हैं। ज्यादातर लोगों को लगता है कि वजन घटाने के लिए बोरिंग खाना ही खाना पड़ता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप स्वादिष्ट और चटपटे रायते खाकर भी अपना वजन तेजी से कम कर सकते हैं? रायता शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ, हड्डियों को मजबूत रखता है। प्रोबायोटिक्स होने के साथ ये पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाता है। कैल्शियम से भरपूर रायता शरीर का वजन कम करने में सहायक है। रायता में मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरे होने का एहसास कराता है, जिससे आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं और कम कैलोरीज ग्रहण करते हैं।

**खीरे का रायता :** खीरे में भरपूर मात्रा में पानी पाया जाता है, जो लंबे समय तक शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। वहीं दही में मौजूद कैल्शियम शरीर की हड्डियों को मजबूत करता है। खीरे के रायते को स्वादिष्ट बनाने के लिए काला नमक और काली मिर्च भी डाल सकते हैं। इस रायते में जीरो फैट मौजूद होने से ये वजन कम करने में भी मदद करता है। इसका सेवन सुबह नाश्ते के समय और दोपहर के लंच में किया जा सकता है।

**पुदीने का रायता :** दही में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। पुदीने का इस्तेमाल करके आप स्वादिष्ट रायता आसानी से तैयार कर सकते हैं। पुदीने में मौजूद विटामिन ए और विटामिन सी शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने का काम करता है। रायते को स्वादिष्ट बनाने के लिए नमक और भुना जीरा भी इसमें डाल सकते हैं। पुदीने का टेस्ट स्वाद में काफी अच्छा लगता है। इसके नियमित सेवन करने से पाचन तंत्र भी ठीक रहता है।

**लौकी रायता :** लौकी का रायता शरीर को हाइड्रेट रखता है। इसके सेवन करने से लंबे समय तक भूख का एहसास नहीं होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने का काम करता है। लौकी का रायता स्वादिष्ट होने के साथ पचने में भी बहुत आसान होता है। लौकी का रायता खाने से शरीर को एनर्जी मिलती है।

**जीरा रायता :** जीरे को रायते में मिलाने से ये और भी स्वादिष्ट हो जाता है। जीरा पाचन तंत्र को मजबूत रखने के साथ बेली फैट को भी कम करने में मददगार होता है। जीरे को एक मसाले के रूप में जाना जाता है।

# मैपिंग नहीं होने वाले 3349 मतदाताओं की हो रही सुनवाई

## चार जगह नियुक्त एईआरओ कर रहे सुनवाई, मतदाता सूची में वंचित लोगों की मैपिंग का कार्य जारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई, उनकी सुनवाई और मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य जारी है। निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा से जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि कुल 3349 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाने पर उन सबको नोटिस दिए गए हैं और उनको समय निर्धारित कर सुनवाई के लिए बुलवाया गया है, ताकि वो अपना पक्ष रख सकें और दस्तावेजात पेश करके अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकें।

### चार एईआरओ कर रहे हैं सुनवाई

तहसीलदार सुजानगढ़, नायब तहसीलदार सालासर, उपखंड अधिकारी बीदासर, नायब तहसीलदार कातर एईआरओ हैं और मैपिंग से वंचित रहे लोगों के नोटिस की सुनवाई चारों द्वारा लगातार तय समय पर की जा रही है। ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि जिन लोगों के नाम मैप नहीं हो पाए, वो सम्बंधित एईआरओ के पास अपना पक्ष नोटिस में वर्णित समय पर रखकर अपने दस्तावेज पेश कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

### कौनसे दस्तावेज देने होंगे

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि कुल 11 दस्तावेज, जो चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित किए गए हैं, वो पेश किए जाकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाया जा सकता है। साथ ही दस्तावेज उपलब्ध न होने पर शपथ पत्र, जिन पर दो गवाहों के हस्ताक्षर हों, पेश करके भी नाम जुड़वाया जा सकता है। इसी प्रकार पर्याप्त आधार होने पर एईआरओ को अगर उचित लगे, तो नाम जोड़ा जा सकता है। एक बार हाजिर न होने पर वंचित लोगों को दुबारा भी अवसर दिया जाएगा। इन 11 दस्जावेतों में जाति, मूल निवास, कर्मचारी प्रमाण पत्रए पासपोर्ट, कर्मचारी पेंशन ओर्डर आदि शामिल हैं। नोटिस के बाद परिवार का कोई भी सदस्य नोटिस के जवाब को दस्तावेजों के साथ दाखिल कर सकता है।

### किसको देने होंगे कितने दस्तावेजः

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि 1987 से पहले जन्म होने वाले लोगों को अपने स्वयं का एक ही दस्तावेज पेश करना होगा और, उसके आधार पर ही मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार 1987 से 2004 के बीच में जिन लोगों का जन्म हुआ है और उनकी मेपिंग नहीं होने पर 1 दस्तावेज स्वयं का और 2 दस्तावेज माता-पिता से सम्बंधित देने होंगे। इसी प्रकार 2004 के बाद जिनका जन्म है और मैपिंग नहीं हो पाई है, तो उनको 3 दस्तावेज जमा करवाकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना होगा।

# प्रभारी मंत्री गहलोत का दौरा आज

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत सोमवार को झुंझुनू दौरे पर रहेंगे। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि वे दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बजट को लेकर विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे और 4 बजे समीक्षा बैठक में योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके बाद में शाम 6 बजे ग्राम पंचायत केड में आयोजित जनसभा को भी संबोधित कर जनसंवाद करेंगे।

# मनरेगा कार्यों में अनियमितता पर लोकपाल की सख्त कार्रवाई

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** लोकपाल मनरेगा, जिला परिषद, सीकर हरिराम ने बताया कि ग्राम पंचायत मोरड़ूंगा पंचायत समिति धोद के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2025/मनरेगा के दिशा-निर्देशों के पालन सम्बन्धी विस्तृत जांच की गई। उपलब्ध साक्ष्यों और दस्तावेजों के अवलोकन से स्पष्ट हुआ है कि ग्राम विकास अधिकारी व कनिष्ठ सहायक ग्राम पंचायत मोरड़ूंगा द्वारा नरेगा कार्य पर गुरुवार को साप्ताहिक अवकाश के दिनद्ध एनएमएमएस एपीपी पर श्रमिक की उपस्थिति दर्ज करके व नियोजित करके, राज्य सरकार के आदेशों, विभागीय दिशा-निर्देशों की पालना समय पर नहीं करने एवं मस्टर रोल में काट-छांट करके रुपये 250 रूपये का मूल्यांकन से अधिक भुगतान किया गया है तथा कनिष्ठ तकनीकी सहायक द्वारा पर्यवेक्षणीय लापरवाही एवं माप पुस्तिका में कार्य का माप इंद्रराज करने के उपरांत हस्ताक्षर के साथ नाम मय पदनाम की सील नहीं लगाने के दोषी पाए जाने पर नियमानुसार वसूली एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम 2025 के तहत सुनील तेतरवाल ग्राम विकास अधिकारी एवं धर्मद्र सैनी कनिष्ठ सहायक ग्राम पंचायत मोरड़ूंगा पचायत समिति घोद से मूल्यांकन राशि से अधिक भुगतान राशि 250 रूपये की वसूली की जाएगी, जिसमें से प्रत्येक से 125 रूपये की पृथक-पृथक वसूल किए जाएंगे। सुनीत तेतरवाल ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मोरड़ूंगा पंचायत समिति धोद के राशि रुपय 1000 रूपये की शास्ति अधिरोपित की जाती है। धर्मेद्र सैनी कनिष्ठ सहायक ग्राम पंचायत मोरड़ूंगा पंचायत समिति धोद के राशि रुपये 1000 रूपये की शास्ति अधिरोपित की जाती है। दामोदर चेजारा कनिष्ठ तकनीकी सहायक कलस्टर मोरड़ूंगा पंचायत समिति धोद से 1000 रूपये की शास्ति अधिरोपित की जाती है। उन्होंने बताया कि उपस्थिति दर्ज करने वाले श्रमिक अर्जुन राम की एनएमएमएस आईडी तत्काल ब्लॉक एवं ब्लैकलिस्ट की जाये।

दोषी कर्मचारियों से राज्य सरकार के निर्देशानुसार मूल्यांकन से अधिक भुगतान तथा शास्ति राशि की वसूली कर 30 दिवस के भीतर राजकोष में जमा करवाई जाये। तत्पश्चात अनुपालन रिपोर्ट लोकपाल कार्यालय को प्रेषित की जाये।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत विशेष शिविर 10 एवं 11 जनवरी को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम सीकर निखिल कुमार ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 की गतिविधियों के तहत 10 जनवरी से 11 जनवरी 2026 को मतदान केन्द्र पर विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पंजीकरण एवं संशोधन से संबंधित विभिन्न आवेदन पत्र प्राप्त करने के निर्देश प्राप्त हुए है। विधानसभा क्षेत्र सीकर में नियुक्त समस्त बीएलओंए सुपरवाईजर को निर्देशित किया है कि 10 जनवरी से 11 जनवरी 2026 को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर शत प्रतिशत नव मतदाताओं का ऑनलाईन पंजीकरण करना सुनिश्चित करें।

# समर्पण से भगवान को भी बांधा जा सकता है : दिनेशानंद

रामावतार सोनी



**बुगाला ( नवयत्न )।** सौन्थलिया गेस्ट हाउस जाखल में आयोजित रामकथा के छठे दिन शुक्रवार को भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। मुख्य यजमान बसंत सिंह शेखावत दम्पति रहे। कथावाचक पंडित दिनेशानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े केवट प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और प्रेरणादायक वर्णन सुनाया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि निष्काम भक्ति, सेवा और समर्पण से भगवान को भी बांधा जा सकता है, जिसका सजीव उदाहरण केवट का प्रसंग है। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, धर्मप्रेमी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ी, श्रद्धालु भावविभोर होते गए और वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की आकर्षक और मनमोहक झांकियां सजाकर प्रदर्शित की गई, जिनमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और केवट के दृश्य को सजीव रूप में दर्शाया गया।

इन झांकियों को देखकर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन आनंद और श्रद्धा से भर उठा। पूरे कथा आयोजन के दौरान श्जय श्रीराम के जयघोष बार-बार गूंजते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र राममय हो गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों और स्थानीय भक्तों का विशेष योगदान रहा।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत 13 फरवरी तक कुष्ठ जन जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि अभियान के तहत भेदभाव का अंत एवं गरिमा सुनिश्चित करना थीम पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सभी बीसीएमओ तथा चिकित्सा प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को जनता के नाम कुष्ठ रोग के प्र्रति जागरूकता संदेश दिया जाएगा तथा इस दिन होने वाली ग्राम सभा में सरपंच व ग्राम सभा के सदस्यों से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से भेदभाव दूर करने की अपील की जाएगी और असमाना से मुक्ति कुष्ठ प्रभावित रोगी को ग्राम सभा में विशिष्ठ अतिथि बनाया जाएगा। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 31 जनवरी को जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर स्कूलों में होने वाली प्रार्थना सभा में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कुष्ठ रोग की जानकारी दी जाएगी।

# लकड़ी के अवैध परिवहन पर करें कार्रवाई : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार आपणी योजना में वन विभाग की योजनाओं, कार्यों व कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि पुलिस के सहयोग से लकड़ी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करें। जिले में खेजड़ी के पौधरोपण को बढ़ावा मिले, इसके लिए नर्सरियों में पौध तैयार की जाएं और वन क्षेत्र बढ़ाने के समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ताल छापर पक्षी उत्सव-2026 का आयोजन को तैयारियों की समीक्षा करते हुए समुचित निर्देश दिए। उन्होंने जिले में नर्सरियों में तैयार पौध, मृत पौधों की जगह दूसरे पौधे लगाने, तालछापर से जसवंतगढ़ में कृष्ण मृगों के ट्रांसलोकेशन, पंच गौरव योजना अंतर्गत कार्य योजना, अनुमोदित कार्यों के टेंडर एवं कार्यादेश जारी करने, नवाचारों, आगामी मानसून के दौरान पौधरोपण तैयारियों, लकड़ी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई आदि गतिविधियों पर चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएफओ भवानी सिंह ने बैठक का संचालन करते हुए विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान एसीएफमहेन्द्र लेखाला, कीर्ति, मनीष, रेंजर उमेश बागोतिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता संपन्न

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर जिले के दांतारामगढ़ में पंडित दीनदयाल शेखावाटी विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन महर्षि परशुराम महाविद्यालय दांता में शुक्रवार को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। राजकीय विद्यालय दांता के खेल मैदान में सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले खेले गए। फाइनल मुकाबला एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर एवं एसबीडी तोदी कॉलेज लक्ष्मणगढ़ के मध्य हुआ जिसमें एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया जबकि एसबीडी तोदी कॉलेज लक्ष्मणगढ़ उपविजेता रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा नेता गजानंद कुमावत सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रतीक चिह्न, गोल्ड व सिल्वर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय निदेशक सुरेश शर्मा ने खिलाड़ियों को खेल और शिक्षा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर की मंड्रेला रोड स्थित पानी की टंकी के पास अंबिका नगर मार्केट क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सीवरेज लाइन से गंदे पानी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। दुर्गंध से लोग परेशान होकर अब विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गंदा पानी मुख्य रास्ते पर बह रहा है। इससे वाहन चालकों, स्कूली बच्चे और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैली गंदगी और बदबू से दुकानदारों व स्थानीय निवासियों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिसके समाधान को लेकर लगातार विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। शुक्रवार को दुकानदारों ने भाजपा के युवा नेता सुरेश भूकर से सहयोग का निवेदन किया। वार्डवासियों ने भूकर को बताया कि बार-बार ठेकेदार और नगरपालिका को शिकायत करने के बावजूद कोई संतोषजनक कार्य नहीं हुआ। वार्डवासियों का कहना है कि गंदे पानी की निकासी के लिए सीमेंट की पाइपों का उपयोग किया जाए और जगह-जगह चेंबर बनाए जाएं ताकि समस्या का स्थायी निवारण हो सके। इस मौके पर ओमप्रकाश वर्मा, धर्मपाल, मनोज, श्रवण कुमार सैनी, सुभाष सैनी, दिलीप सैनी, विजेंद्र, सुनील कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

# दो आरोपियों के जमानत आवेदन खारिज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ज्यादती के आरोपी का जमानत आवेदन एडीजे न्यायालय ने खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक एडवोकेट श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि आरोपी पिन्टू उर्फ पवन कुमार निवासी गांव बडाबर सुजानगढ़ का जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। इसी प्रकार नशीली दवाओं के मामले में आरोपी राजीव उर्फ विजय कुमार, निवासी ग्राम टप्पी, जिला सिरसा का भी अन्तरिम जमानत आवेदन एनडीपीएस न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर अस्पतालों में हुई गर्भवती की जांच

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर नि:शुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए गए। चिकित्सकों ने गर्भवती की जांच के साथ गर्भ में पल रहे शिशु तथा गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि जिले में प्रत्येक माह की 09, 18, 27 तारीख को सभी जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। चिकित्सालयों में गर्भवती की हीमोग्लोबिन, एचआईवी, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाती है। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को नि:शुल्क सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर अस्पतालों में हुई गर्भवती की जांच

**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में शुक्रवार नौ जनवरी को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की गई और नि:शुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए गए। चिकित्सकों ने गर्भवती की जांच के साथ गर्भ में पल रहे शिशु तथा गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि जिले में प्रत्येक माह की 9, 18, 27 तारीख को सभी जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है।

# रेजिन आर्ट और क्राफ्ट प्रदर्शनी आयोजित



**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय, महाविद्यालय, तारानगर में वनस्पतिशास्त्र विभाग व नवाचार कौशल विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में श्रेजिन आर्ट और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. योगिता ने बताया कि प्रदर्शनी में स्नातक व स्नातकोत्तर वनस्पतिशास्त्र विषय के विद्यार्थियों ने रेजिन से अलग.अलग आकर्षक कलात्मक कलाकृतियां बनाई जिसमें पादप के विभिन्न भाग संरक्षित किये गये। वनस्पतिषास्त्र विभाग द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर में इस तरह के रचनात्मक कार्य करवाये जाते हैं जिसमें विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, मानसिक व कौशल विकास होता है तथा विषय की तरफ विद्यार्थियों की रूची बढती है। प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानियां ने विद्यार्थियों के नवाचार को सराहा और शिक्षा के साथ-साथ कौषल विकास की महत्ता बताकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रो. हंसराज परिहार, डॉ. शंकर लाल, डॉ. रिता, प्रो. राजेन्द्र प्रसाद कस्वां, डॉ. छगन दान, प्रो. अंकिता चौधरी, प्रो. अन्नु महला, डॉ. राज कुमार, डॉ. नेहा, पवन सैनी, अंजली मेहरा, रजनी, प्रतिका एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER**
**PWD DIVISION I SIKAR**

No. Date

Notice Inviting Bid No. 41/2025-26

Bids for 1 (One Nos) Work are invited from interested bidders upto 06:00 PM 22.01.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 412.42 Lac

NIB No.
UBN No.

Executive Engineer
PWD Dn. I Sikar

DIPR/C/181/2026

**कार्यालय नियन्त्रक (जिला कलक्टर) नागरिक सुरक्षा विभाग झुंझुनूं**

क्रमांक : एफ./ना.सु./निविदा/2025-26/18 दिनांक :- 8.1.2026

**खुली निविदा सूचना**

नागरिक सुरक्षा विभाग झुन्झुनू में क्षमता संवर्धन के प्रशिक्षण हेतु विभिन्न व्यवस्था/सामग्री क्रय करने के लिये स्थानीय प्रतिष्ठित एवं सुस्थापित फर्मों से मोहरबन्द निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं | सामग्री/कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रूपये लाखों में | निविदा प्रपत्र शुल्क रूपयों में | बोली प्रतिभूति रूपयों में | निविदा विक्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करनेकी अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था | 5.30 लाख | | | | | |
| 2. | प्रशिक्षण हॉल (न्यूनतम क्षमता 150 प्रशिक्षणार्थी) मय कुर्सी पंखे, पेयजल एवं माईक इत्यादि | 1.90 लाख | 500 | 14400 | 15.01.2026 प्रात: 11:00 बजे तक | 15.01.2026 दोपहर 02:00 बजे तक | 15.01.2026 सायं 04:00 बजे |

1. प्राप्त निविदाएं निर्धारित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जायेगी।
2. निविदा संबंधी प्रपत्र व शर्ते आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, कलेक्ट्रेट झुंझुनू में कार्यालय समय में एवं www.sppp.raj.nic.inपर देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं बोली प्रतिभूति जिला कलक्टर, झुंझुनू के नाम से देय बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स बैंक द्वारा जमा करवाई जा सकते हैं।
4. बोली ऑफलाईन स्वीकार की जायेगी। पोर्टल पर बिड प्रपत्र डाउनलोड करने की सूरत में बिड प्रपत्र शुल्क का डीडी भी साथ में संलग्न करना होगा।
5. किसी भी निविदा की या उस निविदा के किसी भी भाग को बिना कोई कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
6. उपरोक्त सामग्री की मात्रा अनुमानित है जिसमें कमी अथवा बढ़ोतरी की जा सकती है। कमेटी उक्त अंकित किसी सामग्री की न्यूनतम मात्रा अथवा कोई सामग्री क्रय करने के लिये बाध्य नहीं है।

NIB NO- CJN2526A0015
UBN NO- CJN2526SSOB00016

(डॉ अरुण गर्ग)
नियन्त्रक (जिला कलक्टर)
नागरिक सुरक्षा विभाग, झुंझुनू

# बाल अधिकारों का हो संरक्षण, मजबूत रहे विभागीय समन्वय : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार आपणी योजना में जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक में बाल संरक्षण गतिविधियों की समीक्षा की तथा बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि बाल अधिकारों का संरक्षण हो और मजबूत विभाग के समन्वय से बाल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह व बाल श्रम रोकथाम हेतु जागरूकता गतिविधियों को बढ़ाया जाए। इसी के साथ संयुक्त टीम बनाते हुए एक युद्ध - नशे के विरुद्ध अभियान के तहत की दवा दुकानों पर अनुसूची एच व एक्स दवाईयों की बिक्री करने वाली दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा होने की पुष्टि की जाए। पुलिस के सहयोग से नशे के उपयोग, बिक्री आदि गतिविधियों पर समुचित कार्यवाही की जाए। उन्होंने राजकीय गृहों में आवासित बच्चों के लिए व्यवस्थाओं पर चर्चा, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के कार्यों, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा, राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में चाइल्ड राइट क्लब के गठन, किशोर न्याय बोर्ड में दर्ज प्रकरणों व जेजेबी के कार्यों, बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश प्रकरणों एवं सीडब्ल्यूसी के कार्यों, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज प्रकरणों, बाल श्रम व बाल श्रमिकों के पुनर्वास, बाल तस्करी व बाल विवाह रोकथाम, बच्चों के पोषण व स्वास्थ्य, एक युद्ध-नशे के विरूद्ध अभियान आदि की चर्चा करते हुए समुचित निर्देश दिए। बाल संरक्षण इकाई सहायक निदेशक सत्येंद्र पाल वीर ने बैठक कार्यवाही का संचालन करते हुए विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान सीडीईओ संतोष महर्षि, एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह, श्रम कल्याण अधिकारी प्रशांत झाझड़िया, एडीईओ कमल शर्मा, कमला देवी, ताराचंद सैनी, राजेश कुमार, एएचटीयू से एसआई इंद्रा, कीर्ति राठौड़, पन्ने सिंह, रिजवान खान, सुमन चोपड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

## पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के आवेदन आमंत्रित

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीएलएसए सचिव डॉ महेंद्र सोलंकी ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 27 जनवरी शाम 5 बजे तक रखी गई है। किसी भी संकाय में सीनियर सेकेंडरी अथवा इससे उच्चतर शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवेदन पत्र के साथ जन्मतिथि प्रमाण पत्र हेतु सेकेंडरी स्कूल परीक्षा अथवा जन्म प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति, दो मूल चरित्र प्रमाण पत्र जो 6 महीने से अधिक पुराने नहीं हो एवं जाति प्रमाण पत्र (सत्यापित प्रति) यदि लागू हो तो, आवश्यक होंगे। अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में यह बताना होगा कि वह जिला, तालुका अथवा गांव किस स्तर पर कार्य करना चाहता है। आवेदन पत्र तालुका स्तर पर भी जमा करवाए जा सकते हैं।

## भाजपा नेताओं का धरना जारी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेताओं और पार्षदों का धरना नगरपरिषद कार्यालय के सामने लगातार पांचवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि प्रेम स्वामी, पन्नालाल सोनी, पार्षद हरिओम खोड, रविंद्र पांडे, रेवंतमल पंवार, नरेंद्र गुर्जर, गणेश मंडावरिया, राकेश प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत, महेश जोशी, प्रदेश सियोता आदि धरने पर मौजूद रहे। धरनार्थियों ने बताया कि जब तक पूरी मांगों का समाधान नहीं किया जाता है, तब तक उनका धरना अनवरत जारी रहेगा।

## हिंदी व पर्यावरण अध्ययन शिक्षक कार्यशाला आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुचावास में तोगावास, कोहिना, भालेरी, बुचावास व गाजुवास पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में हिंदी व पर्यावरण अध्ययन शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अंजू बाला सैनी ने बताया कि इस कार्यशाला में 27 संभागियों ने भाग लिया। सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में दक्ष प्रशिक्षक किशोर कुमार निर्वाण ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एफएलएन के तहत न्यूनतम अधिगम स्तर सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों में शैक्षणिक कौशल उत्पन्न करने की आवश्यकता पर बल दिया। एफएल एन व प्रखर में विद्यालय में महसूस की जाने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा तथा उनके समाधान के लिए विचार साझा किए गए। दूसरे दक्ष प्रशिक्षक कविता मावतवाल ने पाठ्यक्रम विभाजन, पाक्षिक योजना निर्माण, योगात्मक आकलन, रचनात्मक आकलन तथा रीडिंग कैंपेन के माध्यम से शिक्षण स्तर उन्नत करने के बारे में प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही गतिविधि आधारित शिक्षण व शिक्षक सहायक सामग्री के उचित उपयोग पर चर्चा की गई। चार्ट व पोस्टर के माध्यम से सहायक सामग्री का निर्माण किया गया तथा उनका उपयोग करने के तरीकों पर विचारों का मंथन हुआ। अंतिम सत्र में पाठ्यक्रम विभाजन पर चर्चा की गई तथा गतिविधि के माध्यम से विचार साझा करने के साथ ही कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में रमेश कुमार, प्रेमलता, मंजू मेघवाल, भंवरी पूनिया, सीता बुडानिया, चंद्रकला, राकेश कुमार, लाल बहादुर, मुखराम, ओमप्रकाश पूनिया,, देवकरण, कुलदीप, जगदीश प्रसाद, मांगीलाल, सरोज बाला, सोनू राम, दीनदयाल, सुभाष चंद्र, कृष्णा कुमारी, रीना, लक्ष्मी, इमरती, सुमन, शीशपाल राहड़, बजरंग लाल आदि संभागी उपस्थित रहे।

## विधायक गोपाल शर्मा की पुस्तक मेरी मुलाकातें का लोकार्पण आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिविल लाइंस विधायक और वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा की पुस्तक मेरी मुलाकातें का लोकार्पण शनिवार को दोपहर 3:30 बजे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर आरआईसीए झालाना में है। यह किताब उनके लंबे पत्रकारीय जीवन के दौरान देश-दुनिया की अहम शख्सियतों के साथ हुए संवादों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। समारोह में संवैधानिक पदों और समाज-कला क्षेत्र के दिग्गज एक मंच पर होंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के सान्निध्य और मुख्य आतिथ्य में आयोजन संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी करेंगे। अमर शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह भी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। समारोह में पद्मश्री अनवर खां मांगणियार अपने साथी कलाकारों के साथ आकर्षक प्रस्तुति देंगे। विश्व हिंदी दिवस पर हो रहे इस आयोजन में पत्रकारिता, शिक्षा, साहित्य और राजनीति जगत से बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन शिरकत करेंगे। प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस किताब की भूमिका राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने लिखी है। विधायक गोपाल शर्मा ने बताया कि श्मेरी मुलाकातें में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत चार प्रधानमंत्रियों और मोहन भागवत सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चार सरसंघचालकों के साथ हुई उनकी मुलाकातों के अनछु, किस्से शामिल हैं। इसमें राजनीति के अलावा अध्यात्म, खेल, सिनेमा और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी हस्तियों के साक्षात्कार और संस्मरण भी पिरो, गए हैं।

## महिला के पेट से सफलतापूर्वक निकाला 5 किलो का विशाल ट्यूमर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** 63 वर्षीय मरीज गीता देवी ने पेट में गंभीर समस्या के चलते मणिपाल हॉस्पिटल की ओपीडी में परामर्श लिया। मरीज का 15 वर्ष पूर्व पेट के ट्यूमर का ऑपरेशन हो चुका था, जिसके बाद अब पुन: पेट में एक बड़ा ट्यूमर विकसित हो गया था। कई अस्पताल और डॉक्टर्स को दिखने के बाद मरीज डॉ. मोनिका गुप्ता, जी आई सर्जन-मणिपाल हॉस्पिटल के पास पहुंची थी। मरीज अपने साथ पुराणी जांचो की रिपोर्ट भी लेकर आई थीं। जाँच रिपोर्ट्स में ट्यूमर को बेनाइन बताया गया था, हालांकि लिपोसारकोमा कैंसर की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था। डॉ. मोनिका ने मरीज की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए सभी सम्भावना से अवगत करवाया और मरीज को इस बड़ी और जटिल सर्जरी के बारे में विस्तार से समझाया, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर मल्टी-ऑर्गन रीसैक्शन भी किया जा सकता था। एनेस्थीसिया फिटनेस के बाद मरीज की मेजर सर्जरी की गई, जिसमें एक विशाल लिपोसारकोमा ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला गया। यह ट्यूमर इलियोसीकल जंक्शन से चिपका हुआ था और पेट की सभी आँतों को बाईं ऊपरी दिशा की ओर धकेल रहा था। ट्यूमर को मूत्राशय, इलियक रक्त वाहिकाओं, प्सोआस मसल, सुपीरियर मेसेंट्रिक आर्टरी, दोनों किडनी और केंद्रीय पेट के पूरे रेट्रोपेरिटोनियम से सावधानीपूर्वक अलग किया गया। सर्जरी के बाद ट्यूमर का वजन लगभग 5 किलोग्राम पाया गया और आकार 25-30 सेंटीमीटर था ऑपरेशन के दौरान मरीज को 1 यूनिट रक्त चढ़ाया गया। इस जटिल सर्जरी में यूरोलॉजिस्ट डॉ. डी. आर. धवन द्वारा यूरेटेरिक स्टेंटिंग में महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया साथ ही डॉ. सोमेश ने सर्जरी मे सहयोग किया मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है फिलहाल मरीज के स्वस्थ्य में सर्जरी के बाद तेजी से सुधर हो रहा हैं और डॉक्टरों की निगरानी में हैं। मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर के डायरेक्टर श्री रंजन ठाकुर ने इस जटिल सर्जरी की सफलता पर पूरी मेडिकल टीम को बधाई दी और कहा कि मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर अनुभवी चिकित्सकों, आधुनिक तकनीक और टीमवर्क के माध्यम से मरीजों को विश्वस्तरीय उपचार प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रीय गौरव सम्मान मिलने पर निराला का किया सम्मान



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** एचडीएफसी बैंक में हरफूल निराला का साफा व माला पहनाकर मैनेजर मनीष जांगिड़ के नेतृत्व में टीम के द्वारा सम्मान किया गया। मैनेजर मनीष जांगिड़ ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे बैंक का अधिकारी राष्ट्रीय एंकर हरफूल निराला को डॉक्टर मानद उपाधि मिलने पर संपूर्ण परिवार में खुशी का माहौल है। इनके निराले अंदाज बोलने की कला को हम निराला पुकारते हैं। राजीविका के कार्यक्रम में उपस्थित होकर एंकरिंग से मन मोह लेते हैं। रेनवाल बैंक मैनेजर प्रदीप कुमावत ने कहा कि साथी हरफूल निराला हमारी बैंकिंग मीटिंगों में भी एंकरिंग करते हैं तो सभी कर्मचारी गदगद हो जाते हैं। मैनेजर विकास कुमार सैनी, देवेंद्र कुमार, केदारमल जाट, पुष्पेंद्र चौधरी, विकास कुमार जाट, विकास कुमार सैनी, राकेश चौधरी, दीपक शर्मा, अविनाश वर्मा, क्रेडिट विभाग से सुभाष चंद कुमावत उपस्थित रहे। साथ ही अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लाल सैनी व महामंत्री रूडमल सैनी, वहीं पत्रकार महेंद्र खडोलिया ने बधाई मुख्य कार्यालय पर स्वागत सम्मान करके प्रतीक चिन्ह भेंट किया।



## वेलनेस एवं होलिस्टिक डेवलपमेंट विषय पर कार्यशाला आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित श्वेलनेस एवं होलिस्टिक डेवलपमेंट विषय पर पाँच दिवसीय छात्र कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यशाला मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग एवं यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज एवं एथिक्स समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा मूल्य-आधारित जीवन दृष्टिकोण को सुदृढ़ करना था।

कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ. अविनाश पंवार, निदेशक, सेंटर फॉर ई-गवर्नेंस, राजस्थान द्वारा की गई। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में नैतिक मूल्यों तथा संतुलित जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने इस प्रकार की सार्थक कार्यशालाओं के आयोजन हेतु एस.के.आई.टी. की सराहना की तथा विद्यार्थियों को कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर पाँच दिनों तक उनकी सक्रिय सहभागिता और प्रतिबद्धता को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में इस क्षेत्र के कई प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने अपने ज्ञान और अनुभव साझा किए, जिनमें डॉ. रोहित कुमार जैन, राजस्थान विश्वविद्यालयय सत्यपाल सिंह, निदेशक, योगपथ फाउंडेशन, जयपुरय डॉ. चंदन कुमार, छात्र परामर्शदाता, एस.के.आई.टी.ए जयपुरय तथा डॉ. अमित झालानी, समन्वयक, यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज एवं एथिक्स समिति शामिल रहे।

## एस्पायर लीडर्स पर हुई आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** एस्पायर लीडर्स इंडिया फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय में एस्पायर लीडर्स पर एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य विनीता चौधरी ने बताया कि यह एक अंतराष्ट्रीय स्तर का नेतृत्व विकास कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। मुख्य वक्ता डॉ. अजीत योगी ने प्रतिभागियों में नेतृत्व कौशल, निर्णय निर्माण क्षमता, समस्या समाधान, टीम वर्क, नैतिक मूल्यों एवम् सामाजिक सहभागिता जैसे विषयों को आसान उदाहरण देकर समझाया। कार्यक्रम समन्यवयक डॉ. बी.एस. बैरवा ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्नातक व स्नाकोत्तर कक्षाओं के नियमित विद्यार्थी जिनकी आयु 18 से 29 वर्ष की है तथा आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, वे भाग ले सकते है। कार्यक्रम सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर प्रतिभागियों को हावार्ड विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण-पत्र जारी किया जावेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना रांकावत ने किया। धन्यवाद प्रमोद कुमार ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. योगेश कुमार कल्ला, अनुप्रिया, डॉ. अनुसईया मेहरा, दिव्या जांगिड़, मिनाक्षी कुमावत, गोमती देवी, प्रियंका कुमारी आदि मौजूद रहे।

# भक्ति और ज्ञान की शिक्षा देती है भागवत : आचार्य मृदुल कृष्ण

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा, जयपुर के 27 वें वार्षिकोत्सव पर 108 श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को विद्याधर नगर सेक्टर 7 स्थित शिव मंदिर से निकली 201 महिलाओं की कलश व पोथी यात्रा से हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया। श्री गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा के अध्यक्ष राम रतन अग्रवाल व महामंत्री गिरीश अग्रवाल ने बताया कि कथा के पहले दिन को शुक्रवार को विद्याधर नगर सेक्टर-7 स्थित शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। बैंड बाजे के साथ निकलने वाली इस कलश यात्रा में 201 महिलाएं सिर पर मांगलिक कलश लेकर चल रही थी, वहीं पुरुष श्रद्धालु सिर पर भागवत पोथी लेकर व भागवत का मूल पाठ करने वाले 125 ब्राह्मण कलश यात्रा में भगवा वस्त्र धारण कर चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालु बोलो श्याम प्रभु की बोलो गोविन्द बोलो, जय गोपाल बोलो जैसे भजनों की स्वर-लहरियों पर नाच-गाकर वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। यह कलश यात्रा जिन-जिन मार्गों से गुजरीएवे सभी मार्ग भक्ति और आस्था के रंग में भीगे नजर आए। इस दौरान कलषयात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की सजीव झांकी सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान कलष शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। कलष यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल विद्याधर नगरएसेक्टर-7 स्थित अग्रसेन हॉस्पीटल के पीछे पहुंची, जहां पर आयोजकों ने श्रीमद भागवत की पूजा की। इस अवसर पर विश्व विख्यात कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज, वृंदावन धाम ने कथा में कहा कि विद्याधर नगर आज से वृंदावन धाम बन गया है। यहां सात दिन भक्ति रस की अविरल धारा बहेगी। श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि भागवत जी भगवान श्री कृष्ण जी का ही वांग्मय अर्थात शब्द रूप हैं। भागवत जी हमें भक्ति, ज्ञान और त्याग की शिक्षा देती हैं। भागवत शब्द में शब्द भवसागर रूपी जीवन में हमें प्रकाश देता है। शब्द जीवन में हमें गति प्रदान करता है । शब्द यह बताता है कि श्रीमद्भागवत सभी पुराणों में वरिष्ठतम है एवं शब्द यह बताता है कि जो भागवत की शरण में आता है वह संसार से तर जाता है। श्रीमद्भागवत और श्रीमद् गीता के अंतर की व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि दोनों में बहुत अंतर है। श्री मद्भागवत स्वयं साक्षात् श्रीकृष्ण भगवान हैं तथा श्रीमद् गीता भगवान श्री कृष्ण के श्रीमुख से निकली हुई उनकी वाणी है। श्रीमद् गीता योग शास्त्र है, रामायण प्रयोग शास्त्र है तथा श्रीमद् भागवत वियोग शास्त्र है । जिसने संसार में जन्म लिया है, उसकी मृत्यु निश्चित है। परंतु श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्राणी इस संसार रूपी भवसागर से तर जाता है और संसार में आवागमन अर्थात जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है। भागवत ऐसा ग्रंथ है जिसमें रस ही रस है, इसमें कहीं भी गुठली का तो नामोनिशान ही नहीं है। महाराज श्री ने कहा कि श्री बिहारी जी महाराज को केवल दो चीजें अच्छी लगती हैं , एक तो उनको चंदन और दूसरा वंदन। जो भी भगवान को को चंदन और वंदन प्रदान करते हैं उनके जीवन के समस्त बंधन कट जाते हैं। महाराज श्री के श्रीमुख से कथा रस और मधुर भजनों को सुनकर श्रोतागण झूम उठे और मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करने लगे। संयोजक विनोद गोयल ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को नारद व्यास संवाद, पांडव चरित्र व शुकदेव आगमन की कथा सुनाएंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव के तहत 11 को कपिल देवहुति संवाद व ध्रुव चरित्र की कथा के बाद 12 को प्रह्लाद चरित्र व वामन अवतार की कथा के बांद श्रीकृष्ण जन्म की कथा के साथ नंदोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव के तहत 13 को श्री कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी व गिरिराज पूजन महोत्सव मनाया जाएगा। इसी कड़ी में 14 को महारास कथा, मथुरा गमन व रूकमणि विवाह महोत्सव मनाया जाएगा। इसी कड़ी में अंतिम दिन 15 जनवरी को सुदामा चरित्र व नवयोगेश्वर संवाद व परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ पूर्णाहुति होगी।

## महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के पोस्टर का विमोचन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में प्रस्तावित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सत्यवती व समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। डॉ. बुडानिया ने बताया कि इस संगोष्ठी का आयोजन माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर एवं वैष्विक संस्कृत मंच, नई दिल्ली तथा राजस्थान प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। यह अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी नैतिक मूल्यों के पतन से बढ़ते साइबर अपराध : मानवता के लिए चुनौती विषय पर आधारित है, जिसका आयोजन 27-28 जनवरी, 2026 को हाइब्रिड मोड ऑनलाईन/ऑफलाईन में किया जाएगा। संगोष्ठी अंतरविषयक उपागम पर आधारित होगी, जिसमें शिक्षा, विधि, नैतिकता, समाजशास्त्र, साइबर सुरक्षा एवं सूचना प्रौधोगिकी जैसे विभिन्न विषयों के विद्वान अपने विचार साझा करेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190